देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 18 अंक: 240 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार–प्रवाह...
अहम सुधार



देहरादून, मंगलवार, 2 जनवरी 2024

# पेज श्री



मौसम अधिकतम 20.0° न्यूनतम 10.0°

72196.62

2 अब यमन के हूतियों की खैर नहीं

7 डेविड वॉर्नर ने क्रिकेट जगत को चौंकाया

# साल के पहले ही दिन इसरो की सफल शुरूआत

## अब ब्लैक होल का खुलेगा राज, अंतरिक्ष यान से सफलतापूर्वक अलग हुई एक्सपो सैटेलाइट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। नए साल की पहली सुबह, इसरो ने अपने नाम एक शानदार उपलब्धि दर्ज की। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने मंगलवार को एक्स–रे पोलरिमीटर उपग्रह का सोमवार को प्रक्षेपण किया। प्रक्षेपण के लिए 25 घंटे की उलटी गिनती खत्म होने के बाद 44.4 मीटर लंबे रॉकेट ने चेन्नई से करीब 135 किलोमीटर दूर इस अंतरिक्ष तल से उड़ान भरी। इस दौरान बड़ी संख्या में यहां आए लोगों ने जोरदार ढंग से तालियां बजाईं। खास बात है कि इस मिशन को इसरो ने अपने सबसे भरोसेमंद ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान से लॉन्च किया। सी58 मिशन में मुख्य एक्स–रे पोलरिमीटर उपग्रह (एक्सपोसैट) को पृथ्वी की 650 किलोमीटर निचली कक्षा में स्थापित किया। पीएसएलवी ने यहां पहले अंतरिक्ष तल से सुबह नौ बजकर 10 मिनट पर उड़ान भरी थी।

### अंतरिक्ष में भारत की बढ़ेगी ताकत

इस मिशन के बाद अब भारत की अंतरिक्ष में ताकत भी बढ़ जाएगी। यह मिशन भारत के अंतरिक्ष में खोज, शोध एवं विकास के प्रयासों को बड़ा मंच प्रदान करेगा। इससे कई नई जानकारियां सामने आएगी।



### इसरो का क्या है ये एक्सपो मिशन

इसरो का यह मिशन एक्सपोसैट एक्स–रे स्रोत के रहस्यों का पता लगाने और 'ब्लैक होल' की रहस्यमयी दुनिया का अध्ययन करने में मदद करेगा। ग्व्वैंज चरम स्थितियों में उज्ज्वल खगोलीय एक्स–रे स्रोतों की विभिन्न गतिशीलता की स्टडी करने के लिए भारत का पहला समर्पित पोलारिमेट्री मिशन है। एक्सपोसैट नेशनल एयरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन के इमेजिंग एक्स–रे पोलारिमेट्री एक्सप्लोरर के बाद अपनी तरह का दुनिया का दूसरा रॉकेट है। अमेरिका स्थित अंतरिक्ष एजेंसी ने इसे 2021 में लॉन्च किया था। इसरो के इस मिशन का जीवनकाल करीब पांच साल है।

इसरो ने बताया कि अंतरिक्ष यान पृथ्वी की निचली कक्षा में दो पेलोड ले जाएगा। इसरो ने कहा कि प्राथमिक पेलोड पोलारिमीटर इंस्ट्रूमेंट इन एक्स–रे मध्यम एक्स–रे ऊर्जा रेंज में पोलारिमेट्री पैरामीटर को मापेगा। पोलारिमेट्री पैरामीटर के सभी ऑर्गनाइजेशन से मतल ध्रुवीकरण की डिग्री और कोण से है। दूसरा पेलोड – एक्स–रे स्पेक्ट्रोस्कोपी और टाइमिंग स्पेक्ट्रोस्कोपिक जानकारी प्रदान करेगा।

रिपोर्ट के अनुसार,एकसपो मिशन के विजन के बारे में बात करते हुए, आईआईटी, बॉम्बे के खगोल भौतिकीविद् डॉ. वरुण भालेराव ने कहा कि नासा के 2021 मिशन के बाद इमेजिंग एक्स–रे पोलारिमेट्री एक्सप्लोरर या IXPE नामक अपने वर्ग का यह केवल दूसरा मिशन है। मिशन तारकीय अवशेषों या मृत तारों को समझने की कोशिश करेगा। एक्स–रे फोटोन और उनके ध्रुवीकरण की मदद से, एक्सपोसैट ब्लैक होल और न्यूट्रॉन सितारों के पास विकिरण का अध्ययन करेगा। ब्रह्मांड में उच्चतम गुरुत्वाकर्षण बल और न्यूट्रॉन सितारों का घनत्व सबसे अधिक है। इसलिए, एक वर्ष से भी कम समय में भारत का तीसरा प्रक्षेपण अंतरिक्ष में देखे जाने वाले अल्ट्रा एक्स्ट्रीम रहस्यों को उजागर करेगा। भारतीय अंतरिक्ष संगठन अंतरिक्ष में एक पीओईएम भी भेजेगा। इससे पहले अमेरिका की स्पेस एजेंसी नासा ये काम कर चुकी है।



## संक्षिप्त समाचार

### कोरोना के मामलों में नहीं आ रही कमी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। देश में कोरोना के मामलों में लगातार इजाफा देखने को मिल रहा है। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, आज फिर भारत में 636 नए कोरोना के मामले सामने आए हैं। बता दें कि बीते दिन कोरोना के 841 मामले सामने आए थे, लेकिन एक्टिव केस में बढ़ोतरी जारी है। एक्टिव केस अब बढ़कर 4,394 हो गए हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, बीते 24 घंटों में तीन मौतें दर्ज की गई है। दो केरल में और एक तमिलनाडु में ये मौतें दर्ज की गई।

### नए साल पर आई बड़ी खुशखबरी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। दिसंबर के जीएसटी क्लेक्शन की आंकड़े सरकार ने जारी कर दिए हैं। वित्त मंत्रालय की रिपोर्ट के अनुसार दिसंबर में जीएसटी कलेक्शन 1.65 लाख करोड़ रुपये रहा है। सालाना आधार पर जीएसटी कलेक्शन में 10.28 प्रतिशत का इजाफा देखने को मिला है।

# साल के पहले दिन ही भूकंप से हिला जापान

## 7.4 की तीव्रता के लगे झटके, सुनामी का अलर्ट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। जापान में तेज भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के मुताबिक, पश्चिमी तट के पास रिक्टर पैमाने पर 7.2 तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। इसके बाद जापान में सुनामी की चेतावनी जारी कर दी गई है।

जापान के अधिकारियों के मुताबिक, भूकंप के झटकों के कारण समुद्र की लहरें 5 मीटर तक उठ सकती है, जिसको देखते हुए आसपास के लोगों को ऊंचे स्थानों और बिल्डिंग में जाने का आग्रह किया है। एनएचके की रिपोर्ट के अनुसार, इशिकावा प्रान्त में वाजिमा शहर के तट पर 1 मीटर से अधिक ऊंची लहरें उठीं। एनएचके की रिपोर्ट के अनुसार, होकुरिकु इलेक्ट्रिक पावर ने कहा कि वह अपने परमाणु ऊर्जा संयंत्रों में किसी भी अनियमितता की जांच कर रहा है।

राज्य समाचार एजेंसी टीएएसएस ने सोमवार को बताया कि रूस के आपातकालीन मंत्रालय ने कहा कि रूस के प्रशांत समुद्री तट पर जापान के करीब स्थित पश्चिमी तट सखालिन द्वीप के कुछ हिस्से में सुनामी का खतरा है। ऐसे में उसके आसपास के लोगों को सुरक्षित स्थान पर ले जाया जा रहा है।

इससे पहले पड़ोसी चीन में भी कुछ दिनों पहले 6.4 की तीव्रता का भूकंप आया था। इस भूकंप के कारण 151 लोगों की मौत हो गई थी। भूकंप का केंद्र किंघई और गांसु में फैला था। यह 2014 के बाद का सबसे गंभीर भूकंप था।

### पीएम ने लोगों से किया आग्रह

जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने सरकार को लोगों के जीवन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास करने का निर्देश दिया। सरकार को भूकंप और सुनामी पर स्पष्ट मार्गदर्शन देने के साथ–साथ नुकसान की जांच करने का भी आदेश दिया है। भूकंप के बाद स्थानीय निवासियों से तुरंत खाली करने का भी आग्रह किया है। साथ ही, सरकार के प्रवक्ता ने लोगों को चेतावन दी है कि आगे और भी भूकंप आ सकता है, तो उसके लिए तैयार रहें।

# गैंगस्टर गोल्डी बराड़ आतंकवादी घोषित

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला की हत्या के मास्टरमाइंड गैंगस्टर गोल्डी बराड़ को आतंकवादी घोषित कर दिया गया है। केंद्र सरकार ने सोमवार को यह फैसला यूएपीए के तहत सुनाया। बराड़ लॉरेंस बिश्नोई गैंग का प्रमुख सदस्य है। बराड़ ने मूसेवाला की हत्या की जिम्मेदारी ली थी। वह पंजाब के फरीदकोट का रहने वाला है और उसका असली नाम सतिंदरजीत सिंह है। वह साल 2017 में स्टूडेंट वीजा पर कनाडा गया था। बता दें कि मशहूर पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला को पंजाब के मन्सा जिले में 29 मई, 2022 को गोलियों से भूनकर मौत के घाट उतार दिया गया था।

गृह मंत्रालय द्वारा सोमवार को जारी एक अधिसूचना के अनुसार, गोल्डी बरार बब्बर खालसा इंटरनेशनल से जुड़ा है। उन्होंने कहा कि सीमा पार एजेंसी द्वारा समर्थित बरार कई हत्याओं में शामिल था और कट्टरपंथी विचारधारा का दावा करता था। वह राष्ट्रवादी समर्थक नेताओं को धमकी भरे फोन करने, फिरौती मांगने और हत्याओं के दावों को विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर पोस्ट करने में शामिल था।

### ऐक्शन

■केंद्र सरकार का यूएपीए के तहत बड़ा ऐक्शन

### इंटरपोल की रेड कॉर्नर नोटिस

बराड़ के खिलाफ इंटरपोल ने रेड कॉर्नर नोटिस जारी कर रखी है। फिलहाल वह कनाडा के ब्राम्पटन में रहता है और बिश्नोई गैंग की गतिविधियों को सुपरवाइज करता है। इसके अलावा वह बब्बर खालसा इंटरनेशनल जैसे खालिस्तानी संगठनों के लिए हथियारों और ड्रग्स की तस्करी करने से लेकर टारगेटिंग किलिंग और युवाओं को भर्ती करने तक में शामिल रहता है। कनाडा ने भी गोल्डी बरार को अपने टॉप–25 मोस्ट वांटेड की लिस्ट में शामिल किया हुआ है।


Are you Planning to make a Website or already have ?
If yes, then we are here to serve you
What we do
Website Development: All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
Promotion & Branding: 1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries) 2. Social Media 3. Bulk SMS
Search Engine Optimisation: A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly. You tell us, we do it.
Contact: Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in


# देश की प्रगति के बारे में जनता से मांगा फीडबैक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। देश में जल्द ही लोकसभा चुनाव का बिगुल बजने वाला है। ऐसे में राजनीतिक गलियारों में सरगर्मियां तेज हो गई हैं। जहां विपक्षी दल भाजपा का पत्ता काटने के लिए एकजुट हुआ है, वहीं, भाजपा हैट्रिक मारने की तैयारी कर रही है।

इसी बीच, जनता के मन का हाल जानने के लिए एक सर्वे शुरू किया था। दरअसल, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को अपने कार्यकाल के पिछले 10 वर्षों में विभिन्न क्षेत्रों में भारत द्वारा हासिल की गई प्रगति पर लोगों की प्रतिक्रिया मांगी है।

लोकसभा चुनाव से कुछ समय पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने श्नमोश ऐप पर एक सर्वे शुरू किया था। पिछले महीने शुरू हुए इस सर्वे में उन्होंने विभिन्न मुद्दों पर लोकप्रिय मूड जानना चाहा था।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में पीएम मोदी ने कहा, पिछले 10 सालों में विभिन्न क्षेत्रों में भारत द्वारा हासिल की गई प्रगति के बारे में आप क्या सोचते हैं? पीएम मोदी ने सर्वेक्षण में भाग लेने के लिए लिंक भी शेयर किया है।

### जनता की राय जानने के लिए पीएम मोदी का सर्वे

## न्यूज डायरी



### भारत से रिश्ते बिगाड़कर चीन चले मालदीव के नए राष्ट्रपति मुइज्जू

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** माले। मालदीव के नए राष्ट्रपति मुहम्मद मुइज्जू भारत विरोध के जरिए लगातार संबंधों को खराब करने में जुटे हैं। इसी बीच वह चीन की यात्रा पर जा सकते हैं। चीन और मालदीव राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू की बीजिंग की द्विपक्षीय यात्रा को लेकर बातचीत कर रहे हैं। अगर ऐसा होता है तो मुइज्जू भारत की यात्रा से पहले चीन की यात्रा करने वाले लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित मालदीव के पहले राष्ट्रपति बन जाएंगे। पुराने राष्ट्रपतियों के रास्ते से हटकर मुइज्जू ने भारत की जगह सबसे पहले तुर्की का दौरा किया। साल 2008 में बहुदलीय लोकतंत्र की शुरुआत के बाद से मालदीव के हर राष्ट्रपति ने पहली विदेश यात्रा के तौर पर भारत का दौरा किया था। इसमें 2012 में मोहम्मद वहीद और 2 साल बाद अब्दुल्ला यामीन जैसे कट्टर भारत–विरोधी नेता भी शामिल रहे हैं। इस कदम को भारत पहले की नीति के तौर पर देखा जाता रहा है। हालांकि चीन भी तीसरा देश होगा, जहां मुइज्जू जाएंगे। एक्सपर्ट्स मान रहे हैं कि तुर्की यात्रा के जरिए उन्होंने भारत और चीन दोनों को यह संकेत दिया है कि मालदीव अपने विकास के लिए किसी पर भी निर्भर नहीं रहेगा। मुइज्जू से पहले भारत समर्थक इब्राहिम सोलिह राष्ट्रपति थे। शायद उनके सत्ता से जाने के बाद चीन उत्साहित है और उसने मुइज्जू को आमंत्रित करने में कोई समय नहीं गंवाया।

### विरोध के बावजूद इंडोनेशिया पहुंच रहे रोहिंग्या मुस्लिम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मेदान। हफ्तों तक समुद्री सफर करने के बाद लगभग 150 रोहिंग्या शरणार्थी इंडोनेशिया के उत्तरी सुमात्रा प्रांत में एक समुद्र तट पर पहुंचे, जिनमें ज्यादातर भूखे और कमजोर महिलाएं और बच्चे हैं। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। ग्राम प्रधान मुहम्मद अमीरुद्दीन ने कहा कि 53 पुरुषों, 39 महिलाओं और 55 बच्चों का समूह शनिवार देर रात लंगकट जिले के करंग गादीह समुद्र तट पर पहुंचा। उन्होंने बताया कि एक जर्जर, क्षतिग्रस्त लकड़ी की नाव जो उन्हें बांग्लादेश से लेकर आई थी, गांव से कुछ ही दूरी पर एक प्रकाश स्तंभ द्वीप के तट पर बंधी हुई थी। लंबी यात्रा के बाद शरणार्थियों में से पांच बीमार हो गए थे और स्थानीय निवासियों ने उन्हें भोजन और पानी दिया। वे उनके आगे का ठिकाना तय करने के लिए आप्रवासन और स्थानीय अधिकारियों के निर्देशों का इंतजार कर रहे थे। हालांकि, स्थानीय निवासी उनके समुदायों में शरणार्थियों को नहीं चाहते हैं, और पिछले सप्ताह कई लोगों ने हाल ही में रोहिंग्या के आने का विरोध किया था। अमरुद्दीन ने कहा, 'हमने उनकी मदद की क्योंकि वे भूख और निर्जलीकरण के कारण बहुत कमजोर हो गए थे। लेकिन कई लोग उन्हें हमारे गांव में रहने नहीं देना चाहते क्योंकि वे बाद में केवल समस्याएं ही पैदा करेंगे।' उन्होंने कहा कि शरणार्थियों में से एक ने अधिकारियों को बताया कि वे बांग्लादेश के कॉक्स बाजार शरणार्थी शिविर से इंडोनेशिया के लिए रवाना हुए और एक प्रकाश स्तंभ द्वीप पर पहुंचे।

### गाजा में फिर इजरायल ने बरसाए बम, 35 लोगों की हुई मौत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** दीर अल–बलाह। मध्य गाजा में इजराइल की ओर से रविवार को किये गए हमलों में कम से कम 35 व्यक्ति मारे गए। यह जानकारी अस्पताल प्राधिकारियों ने दी। इजराइल की सेना ने गाजा के कई क्षेत्रों को निशाना बनाया। यह हमला ऐसे समय किया गया जब देश के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने एक दिन पहले ही कहा था कि युद्ध ष्कई और महीनोंष् तक जारी रहेगा। सेना ने कहा कि इजराइली सेना गाजा के दूसरे सबसे बड़े शहर, खान यूनिस में कार्रवाई कर रही है। निवासियों ने छोटे क्षेत्र के मध्य भाग में हमलों की सूचना दी। युद्ध ने व्यापक क्षेत्रीय संघर्ष की आशंका उत्पन्न कर दी है। अमेरिकी सेना ने कहा कि उसने लाल सागर में यमन के हूती विद्रोहियों की ओर से एक कंटेनर जहाज की ओर दागी गई दो जहाज–रोधी बैलिस्टिक मिसाइलों को मार गिराया। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने कहा कि कुछ घंटे बाद, चार नावों ने उसी जहाज पर हमला करने की कोशिश की, लेकिन अमेरिकी सेना ने गोलीबारी की, जिसमें चालक दल के कई सशस्त्र सदस्य मारे गए।

# जरूरत पड़ने पर अमेरिका, दक्षिण कोरिया का नामोनिशान मिटा दें

## उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन ने सेना को दिया आदेश

**चेतावनी**

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

सियोल। उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन ने अपनी सेना को आदेश दिया है कि अगर अमेरिका और दक्षिण कोरिया उसके खिलाफ उकसावे की कार्रवाई करते हैं तो उनका 'नामोनिशान मिटा दें।' सरकारी मीडिया ने सोमवार को यह जानकारी दी। नवंबर में अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव से पहले उत्तर कोरिया द्वारा इस साल हथियारों का परीक्षण में और तेजी लाई जा सकती है। पिछले सप्ताह सत्तारूढ़ दल की पांच दिवसीय बैठक में किम ने कहा कि वह इस साल तीन और सैन्य जासूसी उपग्रह का प्रक्षेपण करेंगे, अधिक परमाणु हथियारों का उत्पादन करेंगे और हमला करने वाले ड्रोन तैयार करेंगे। पर्यवेक्षकों का कहना है कि यह प्रयास भविष्य में अमेरिका पर कूटनीति दबाव बढ़ाने के लिए है।



सेना के कमांडिंग अधिकारियों के साथ रविवार को हुई बैठक में किम ने देश के परमाणु हथियारों के संदर्भ में कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा की रक्षा के खातिर 'सबसे कीमती हथियार' को हमले के लिए तैयार रखना जरूरी है।

आधिकारिक कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी (केसीएनए) के अनुसार, किम ने इस बात पर जोर दिया अगर वे (अमेरिका, दक्षिण कोरिया) उत्तर कोरिया के खिलाफ उकसावे की कार्रवाई करते हैं तो 'हमारी सेना को बिना हिचकिचाए अपने सभी प्रमुख संसाधनों को जुटाकर उन्हें पूरी तरह से खत्म करने के लिए जवाबी हमला करना चाहिए।'

सोमवार को नए साल के दिन अपने संबोधन में दक्षिण कोरियाई राष्ट्रपति यूं सुक येओल ने कहा कि वह उत्तर कोरियाई परमाणु खतरे के जवाब में अपनी सेना की पूर्वव्यापी हड़ताल, मिसाइल रक्षा और जवाबी कार्रवाई क्षमताओं को मजबूत करेंगे। राष्ट्रपति ने दक्षिण कोरिया के आधिकारिक नाम का उपयोग करते हुए कहा, कोरिया गणराज्य ताकत के माध्यम से वास्तविक, स्थायी शांति का निर्माण कर रहा है, न कि एक विनम्र शांति का निर्माण कर रहा है, जो प्रतिद्वंद्वी की सद्भावना पर निर्भर है।

उत्तर कोरिया ने संयुक्त अभ्यास में अमेरिका के बी–52 बमवर्षक जैसे रणनीतिक हथियारों की तैनाती को जानबूझकर परमाणु युद्ध भड़काने वाला कदम बताया है। किम ने कहा, सेना को किसी भी संभावित परमाणु संकट का तेजी से जवाब देने के लिए तैयार रहना है। किम ने बैठक में कहा कि वह अब दक्षिण कोरिया के साथ सुलह और पुनर्मिलन का नहीं सोचेंगे। 2006 में पहली बार उत्तर कोरिया ने परमाणु परीक्षण किए थे। उसके प्रयासों को रोकने के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने कई प्रस्ताव अपनाए हैं। उत्तर कोरिया की आक्रामकता को रोकने के तौर पर अमेरिका ने इस महीने दक्षिण कोरियाई बंदरगाह शहर बुसान में एक परमाणु संचालित पनडुब्बी तैनात की।

## अर्जेंटीना के राष्ट्रपति फिर आए विवादों में

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** ब्यूनस आयर्स। अर्जेंटीना के नए राष्ट्रपति जेवियर माइली शुक्रवार को अपनी गर्लफ्रेंड फातिमा फ्लोरेज के नए संगीत कार्यक्रम में पहुंचे। यहां राष्ट्रपति ने अपनी गर्लफ्रेंड को किस किया, जिसका वीडियो अब पूरी दुनिया में चर्चा का विषय बन गया है। फ्लोरेज इस दौरान गोल्डेन लियोटार्ड पहने हुए थीं। इस दौरान राष्ट्रपति स्टेज पर उनके साथ थे। स्थानीय समाचार आटलेट क्लेरिन के मुताबिक राष्ट्रपति रात 9.40 बजे रॉक्सी थिएटर पहुंचे। राष्ट्रपति माइली ने कथित तौर पर कार्यक्रम के टिकट के लिए अपनी जेब से भुगतान किया था। अपनी गर्लफ्रेंड को किस करने से पहले उन्होंने स्टेज पर एक भाषण दिया। राष्ट्रपति ने यहां लोगों से कहा कि अर्जेंटीना के लिए कठिन समय आने वाला है। लेकिन देश को आगे बढ़ना होगा। यह पहली बार नहीं है जब कपल ने सार्वजनिक तौर पर किस किया है। नवंबर में राष्ट्रपति पद के लिए मतदान खत्म होने के बाद लाइव टेलीविजन पर भी वह कुछ इसी तरह दिखे थे। माइली के साथ थिएटर में उनकी बहन करीना और उनके सुरक्षा प्रमुख भी शामिल हुए। राष्ट्रपति की गर्लफ्रेंड एक लोकप्रिय हास्य कलाकार हैं। उन्होंने सार्वजनिक रूप से राष्ट्रपति को कार्यक्रम में भाग लेने के लिए धन्यवाद दिया और कुछ समय बाद उनके साथ चली गईं।



## एक 81 तो दूसरा 77 साल का उम्मीदवार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। साल 2024 में अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव होने वाले हैं, इसको लेकर राजनीतिक सरगर्मियां काफी तेज हो गई हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव न केवल देश के लिए बल्कि कई अन्य देशों के लिए भी काफी अहम होता है। इसी कारण से सभी पार्टियां इस चुनाव में अपनी जान लगा देते हैं। एक तरफ कुछ दिन पहले ही कोलोराडो के सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में डोनाल्ड ट्रंप को राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के तौर पर अयोग्य घोषित कर दिया है, वहीं, दूसरी तरफ डेमोक्रेटिक पार्टी की तरफ से जो बाइडन एक बार फिर चुनावी मैदान में अपनी किस्मत आजमाने उतरे हैं। इसके बाद भी, डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप इस बार भी जो बाइडन को कड़ी टक्कर देते नजर आ रहे हैं। अमेरिका का राष्ट्रपति चुनाव जितना अहम माना जाता है, उतना ही इसको आयोजित करने में खर्च आता है।

# सबूतों के आधार पर खारिज हुआ नामांकन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान का आम चुनाव के लिए नामांकन पत्र खारिज कर दिया गया है। इसको लेकर नेशनल असेंबली सीट के रिटर्निंग ऑफिसर ने कहा कि जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान नामांकन पत्र भ्रष्टाचार के मामले में नैतिक अधमता के अपराध में दोषी ठहराए जाने और अन्य कारणों से खारिज कर दिया गया। पाकिस्तान चुनाव आयोग (ईसीपी) ने 71 वर्षीय पाकिस्तान तहरीक–ए–इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के संस्थापक और उनके कई वरिष्ठ सहयोगियों के नामांकन पत्र खारिज कर दिए।

आठ पन्नों के विस्तृत फैसले में,

**इमरान का नामांकन पत्र खारिज करने की आरओ ने बताई वजह**

लाहौर की नेशनल असेंबली सीट के रिटर्निंग ऑफिसर ने इस्लामाबाद के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश के फैसले का हवाला दिया। दरअसल, उन्होंने ही इमरान खान को नैतिक अधमता के अपराध में दोषी ठहराया है।

तोषखाना भ्रष्टाचार मामले में खान को दोषी ठहराए जाने के मुख्य कारण के अलावा, उनके नामांकन पत्र के खिलाफ आपत्तियां उठाई गईं। हालांकि, इस्लामाबाद उच्च न्यायालय ने खान की सजा को निलंबित कर दिया, लेकिन तोशखाना मामले में उनकी पांच साल की अयोग्यता अभी भी कायम है।

आरओ ने कहा कि इमरान खान की उम्मीदवारी पाकिस्तान के संविधान के अनुच्छेद 62 और 63 के कारण प्रभावित हुई है। साथ ही, उन्होंने कहा कि आज तक किसी भी अदालत ने दोषसिद्धि को निलंबित या रद्द नहीं किया है।

रिपोर्ट में फैसले का हवाला देते हुए कहा गया है, आपत्तिकर्ता मियां नसीर अहमद द्वारा प्रतिवादी इमरान अहमद खान नियाजी के खिलाफ लगाए गए आरोप कानूनी और प्रतिवादी के खिलाफ मामला बनाने में सफल रहे हैं। नतीजतन, NA–122 से प्रतिवादी के कागजात खारिज कर दिए गए।ष् पीटीआई पार्टी ने शीर्ष चुनाव निकाय द्वारा खान और पार्टी के कई अन्य दिग्गजों के नामांकन पत्रों को मामूली आधार पर खारिज करने की निंदा की।

### लाल सागर में अब यमन के हूतियों की खैर नहीं

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लंदन। ईरान के हूती विद्रोहियों के खिलाफ लाल सागर में अब ब्रिटेन उतरने की योजना बना रहा है। संडे टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक लाल सागर में लगातार हूती विद्रोही समुद्री यातायात को रोक रहे हैं, जिसे देखते हुए ब्रिटेन अमेरिका के नेतृत्व वाले सैन्य अभियान में शामिल हो सकता है। रिपोर्ट में ब्रिटेन सरकार के सूत्र का हवाला दिया गया है। सूत्र ने कहा कि ब्रिटेन, अमेरिका और संभवतः एक अन्य यूरोपीय देश जल्द ही समुद्र या यमन में हूतियों के खिलाफ एक साथ हवाई हमले शुरू करेंगे। सूत्र ने कहा कि यूके सरकार की ओर से कोई भी कार्रवाई सीमित लेकिन महत्वपूर्ण होगी। हूती विद्रोही लाल सागर शिपिंग लेन में इजरायल से जुड़े जहाजों पर बार–बार हमला कर रहे हैं। इन्हें ईरान की तरफ से समर्थन मिला हुआ है। हूतियों का कहना है कि वह फिलिस्तीन के समर्थन में हैं।

Page Three

Classified

Adds can be booked under these Categories : (all day publication)

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

Matrimonial (Sunday Only)



अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द

# जिलाधिकारी ने अधिकारियों को दिए समस्याओं का निराकरण करने के निर्देश

**जन संवाद**

## 16 शिकायतें दर्ज, 7 शिकायतों का मौके पर ही निराकरण

**संवाददाता**

रुद्रप्रयाग। जिलाधिकारी सौरभ गहरवार की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में जन संवादध्जनता मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 16 शिकायतें दर्ज की गई। इनमें 7 शिकायतों का मौके पर ही निराकरण किया गया जबकि शेष शिकायतों का निस्तारण करने के लिए संबंधित विभागों को प्रेषित किया गया।



आयोजित जनता मिलन कार्यक्रम में त्यूंखर (धनोली) निवासी समन सिंह बुटोला ने बताया कि उनकी ग्राम सभा में पंइयाताल (लौंगा बैंड) से त्यूंखर (धनोली) तक दो किलोमीटर सड़क मार्ग का सर्वे हुआ था एवं कार्य भी शुरू हो गया है। लेकिन कुछ ग्रामीण अब सड़क निर्माण शुरू होने के बाद खेत देने से मुकर रहे हैं जिसके चलते प्रस्तावित सड़क मार्ग से सटे जंगल एवं पेड़ों को काटने का प्रयास हो रहा है। उन्होंने जिलाधिकारी से मामले का संज्ञान लेते हुए पूर्व में प्रस्तावित एलाइमेंट के हिसाब से ही सड़क निर्माण करवाने की मांग की। चमसिल ग्राम निवासी प्रकाश बिष्ट ने गांव के नजदीक से बह रही अलकनंदा नदी में चल रहे अवैध खनन की शिकायत की। बताया कि पूर्व में भी इसकी सूचना जिला प्रशासन को दी गई थी जिसके बाद कुछ समय खनन बंद रहा लेकिन अब फिर कुछ लोगों ने नदी में अवैध खनन शुरू कर दिया है। लक्ष्मण सिंह ने सेमलता–रौठिया पेयजल लाइन से ग्राम रौठिया में पेयजल की आपूर्ति नियमित नहीं होने की शिकायत करते हुए बताया कि 2008–09 में निर्माण होने के बाद भी उचित रख– रखाव नहीं होने के कारण ग्रामीणों को योजना का पूर्ण लाभ नहीं मिल पा रहा। वहीं पेयजल लाईन आज तक जल संस्थान रुद्रप्रयाग को हस्तांतरित नहीं होना भी समस्या का कारण है। ग्राम सेम भरदार निवासी भागवत प्रसाद डिमरी ने प्रधानमंत्री आवास, गौशाला एवं भूमि सुधार की मांग की। थलासू निवासी जीतपाल लाल ने थलासू के चंगटी नामी तोके तक सड़क निर्माण की मांग की।

जिलाधिकारी ने समन सिंह की शिकायत पर अधिशासी अभियंता लोनिवि को गांव में जाकर ग्राम वासियों के साथ खुली बैठक कर प्रकरण एक सप्ताह के भीतर रिपोर्ट उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। वहीं अलकनंदा में चल रहे अवैध खनन की शिकायत पर तहसीलदार एवं खनन अधिकारी को स्थिलीय निरीक्षण करते हुए व्यस्तुस्थिति से अवगत करवाने के निर्देश दिए। वहीं सेमलता–रौठिया पेयजल लाइन की समस्या पर जिला पंचायत राज अधिकारी को ग्राम सभा में बैठक कर पेयजल योजना को ग्राम सभा को हैंड ओवर करते हुए एक सप्ताह के भीतर रिपोर्ट उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए।

## न्यूज डायरी

### सपा की नव गठित जिला कार्यकारिणी की बैठक प्रथम बैठक सम्पन्न

**संवाददाता** देहरादून। समाजवादी पार्टी देहरादून की नव गठित जिला कार्यकारिणी की बैठक प्रथम बैठक सोमवार को समाजवादी पार्टी के प्रदेश कार्यालय परेड ग्राउंड देहरादून मे सम्पन्न हुई। बैठक को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी उत्तराखंड के प्रदेश अध्यक्ष शम्भू प्रसाद पोखरियाल जी ने कहा कि भाजपा की सरकार धरातल पर विकास कार्य नही करती है और भ्रामक प्रचार ज्यादा करती है। भाजपा की सरकार ने जनता से किया हुआ एक भी वायदा पुरा नही किया है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हर साल दो करोड़ रोजगार देने का वायदा किया था वह भी चुनावी जुमला निकला है। भाजपा देश की जनता का ध्यान ज्वलन्त मुद्दों महगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार से हटाने के लिए लोगों की धार्मिक भावनाओं का दोहन करने पर आतुर हैं। देश की जनता भाजपा सरकार की नाकामियों को समझ चुकी है और देश की मोदी सरकार को 2024 मे विदा करने का मन बना चुकी है। समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता लोकसभा चुनाव के लिए पुरी तरह से तैयार है।

### न्यू ईयर पार्टी में दूनवासियों ने किया जमकर धमाल

**संवाददाता** देहरादून। न्यू ईयर 2024 का आगाज सहस्त्रधारा रोड स्थित एक लॉउंज पर किया गया जिसके ओनर मिकी व साथ में बंटी व मुकुल व मौजूद रहे। इस दौरान एक भव्य पार्टी आयोजित की गई जिसमें दूनवासियों ने जमकर धमाल किया। पार्टी को जेस इवेंट मैनजमेंट के जतिन एंड शुभम के की ओर से ऑर्गनाइज किया गया था। पर्यटकों ने हर्ष और उल्लास के साथ नए साल का स्वागत किया और साल 2023 को अलविदा कहा। देर रात तक डीजे के धुनों पर थिरकते रहे। पर्यटकों ने कहा कि उन्हें उम्मीद नहीं थी कि न्यू ईयर में इस तरह का जश्न देखने को मिलेगा। मैदानी क्षेत्र में इन दिनों कोहरा पड़ रहा है और साथ ही कड़ाके की ठंड पड़ रही है, लेकिन इसके बावजूद दूनवासियों का उत्साह कम नहीं हुआ।

### सालासर टेक्नो इंजीनियरिंग लिमिटेड बोर्ड ने बोनस इश्यू करने को मंजूरी दी

**संवाददाता** देहरादून। सालासर टेक्नो इंजीनियरिंग लिमिटेड (एसटीईएल) (बीएसईः 540642, एनएसईरू सालासर) लार्ज और हैवी स्टील स्ट्रक्चर्स की मैन्युफैक्चरिंग में लगी हुई है और टेलीकॉम, पावर, रेलवे और अन्य सहित विभिन्न प्रकार की इंडस्ट्रीज को कस्टमाइज स्टील स्ट्रक्चर्स और ईपीसी (ईपीसी) सॉल्यूशंस देती है। कंपनी बोर्ड ने 4:1 के अनुपात में बोनस शेयर इश्यू करने की सिफारिश की है। इससे पहले, कंपनी को एक कॉन्ट्रैक्ट दिया गया था, जिसकी कीमत 3,640 मिलियन रुपये थी।

# मूल निवास कानून की मांग को यूकेडी ने दिया धरना

**संवाददाता** हल्द्वानी। मूल निवास कानून और राजधानी गैरसैण बनाने की मांगों को लेकर उत्तराखंड क्रांति दल ने सोमवार को बुद्धपार्क में धरना प्रदर्शन किया। जिसमें वक्ताओं ने कहा, राज्य में मूल निवासियों की अनदेखी की जा रही है। राज्य बनने के इतने साल बाद भी रोजगार के लिए युवाओं को अभी भी पलायन करना पड़ रहा है। वहीं राज्य आंदोलन के दौरान निर्धारित गैरसैण को राजधानी नहीं बनाया जा सका है। कहा, प्रदेश में लगातार जनविरोधी नियम लागू किए जा रहे हैं।

कहा, राज्य में महिलाएं और बेटियां सुरक्षित नहीं है। इनके अपराधियों को बचाने को काम लगातार जारी है। उन्होंने जल्द मांगें नहीं मानने पर प्रदेश स्तरीय आंदोलन शुरू करने की चेतावनी दी। इस मौके पर जिलाध्यक्ष दिनेश चंद्र भट्ट, केंद्रीय महामंत्री सुशील उनियाल, नगर अध्यक्ष हरीश जोशी, श्याम सिंह नेगी, हिमांशु जोशी, नवीन पंत, नवनीत पांडे, सुभाष तिवारी, काजल खत्री, सुनीता जोशी, भावना मेहरा, भगवती प्रसाद जोशी, राम सिंह, गोविंद, मो. इरफान, फुरकान, उस्मान, साजिद अली, गणेश कुमार बबलू, विजय उनियाल, दिनेश कश्यप ,दीपक भारती, विजेंदर मौजूद रहे।



### सरकार का पुतला फूंककर जमकर नारेबाजी की

**संवाददाता** पुरोला। ट्रक यूनियन के बैनर तले वाहन चालकों ने हिट एंड रन कानून के खिलाफ पुरोला मुख्य बाजार में केंद्र सरकार का पुतला फूंक जमकर नारेबाजी की। पुरोला में रंवाई ट्रांसपोर्ट तथा ट्रक,टेम्पों,टेक्सी चालक संगठन से जुड़े चालकों व वाहन स्वामियों ने सोमवार को पुरोला मुख्य बाजार में जुलुश प्रदर्शन कर सरकार के हिट एंड रन कानून में चालकों के खिलाफ एकतरफा शख्त कार्यवाही को लेकर केंद्र सरकार के विरोध में नारेबाजी की व केंद्र सरकार का पुतला दहन किया। चालकों व वाहन स्वामियों ने कहा कि गाड़ियों से किसी प्रकार की अनहोनी होने पर चालकों के खिलाफ बिना जांच पूछ किये जो एकतरफा शख्त कार्यवाही का कानून बनाया है वह तानाशाही है व वाहन स्वामियों तथा चालकों के खिलाफ एकतरफा कार्यवाही है।

# शिकायतों के निस्तारण पर अपने विभग स्तर पर भी करें समीक्षा

**जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जनसुनवाई कार्यक्रम का किया गया अयोजन**

**संवाददाता** देहरादून। जिलाधिकारी श्रीमती सोनिका की अध्यक्षता में ऋषिपर्णा सभागार कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई कार्यक्रम का अयोजन किया गया। जनसुनवाई में 69 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमे भूमि, सिंचाई, आर्थिक सहायता, निजी चिकत्सालय द्वारा वेतन रोके जाने, घरों में पानी घुसने आदि शिकायतें प्राप्त हुई।

जिलाधिकारी ने निर्देश देते हुए कहा कि जनसुनवाई में प्राप्त हो रही शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए समयबद्ध निस्तारण करें तथा शिकायतों के निस्तारण पर अपने विभग स्तर पर भी समीक्षा करें। जांच वाली शिकायतों के संबंध में शिकायतकर्ता को भी सूचित करें। भूमि सीमांकन सम्बन्धी शिकायतों को 1 सप्ताह के भीतर निस्तारण की कार्यवाही करते हुए अख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। डीएम ने अजबपुर में खेती हेतु पानी न मिलने की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए एक सप्ताह के भीतर पानी पंहुचाने के निर्देश सिंचाई विभाग को दिए। भाऊवाला में ग्राम समाज की भूमि पर कब्जा करने की शिकायत पर उप जिलाधिकारी विकास नगर को मौका मुआवना कराते हुए त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए।

जनसुनवाई में 72 वर्षीय बुजुर्ग शिकायतकर्ता द्वारा शिकायत की गई कि रेस्ट कैंप निवासी है अपनी भूमि सीमांकन हेतु 1 वर्ष से धूमरहे हैं, जिसको गंभीरता से लेते हुए उन्होंने तहसीलदार सदर सहित सम्बन्धित तहसीलों को निर्देशित किया कि लंबे समय से भूमि का सीमांकन की शिकायतों पर गंभीरता से कार्य करें। तहसीलदार सदर को एक सप्ताह के भीतर कार्यवाही करते हुए अख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। साथ ही शिकायत पटल कलेक्ट्रेट को निर्देशित किया कि जो शिकायतें भूमि सीमांकन की प्राप्त हुई है उनका पूर्ण विवरण दें। डोईवाला में एक मृत व्यक्ति को जीवित दर्शाकर संपति खुर्द्ध–बुर्द्व किए जाने की शिकायत पर उप जिलाधिकारी डोईवाला को 15 दिन के भीतर जांच करते हुए रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

### मुख्य विकास अधिकारी ने की सीएम घोषणा के कार्यो की समीक्षा

**संवाददाता** चमोली। मुख्य विकास अधिकारी अभिनव साह ने सोमवार को जनपद चमोली में सड़क संबंधी मुख्यमंत्री घोषणा के कार्यों की वर्चुअल माध्यम से समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने घोषणाओं के प्रगति की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। मुख्य विकास अधिकारी कार्यालय में आयोजित बैठक के दौरान सीडीओ ने लोनिवि, लोनिवि एनएच सहित अन्य विभागों को सड़कों के निर्माण, सुधारीकरण व डामरीकरण को लेकर की गई घोषणाओं पर तेजी से कार्य करते हुए समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों वन और राजस्व भूमि के हस्तांतरण में लंबित मामलों का विभागीय अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर निस्तारण करने के निर्देश दिए। सीडीओ ने विवादित प्रकरणों में निर्माण कार्यों को पूर्ण करने के लिए अधिकारियों को ग्रामीणों से वार्ता कर कार्रवाई करने की बात कही है। जिन प्रस्तावों को निरस्तीकरण किया जाना है उन पर तत्काल आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

*जो लोग आपके सामने बहुत मीठे बनते हैं, वो लोग आपके पीछे बहुत कड़वे होते हैं। -अज्ञात।*



पेज थ्री
www.page3news.in

# अहम सुधार

**विवाद निपटाने के लिए भी बहुस्तरीय व्यवस्था है और इस पूरी प्रक्रिया को डिजिटल रखा गया है। राष्ट्रीय सुरक्षा के लिहाज से इंटरसेप्शन के कुछ अधिकार सरकार के पास होने जरूरी हैं। फिर भी कुछ हलकों में इससे जुड़े पहलुओं पर चिंता है।**

अनुज सनवाल।।

लोकसभा में पेश किए गए टेलिकम्युनिकेशंस बिल, 2023 में लाइसेंसिंग और स्पेक्ट्रम एलोकेशन सहित इस सेक्टर के रेग्युलेटरी मैकेनिज्म में बड़े बदलावों का प्रस्ताव किया गया है। यह बिल कानून बन जाने के बाद इंडियन टेलिग्राफ एक्ट 1885, वायरलेस टेलिग्राफ एक्ट 1933 और टेलिग्राफ वायर्स (अनलॉफुल पजेशन) एक्ट 1950 जैसे कानूनों की जगह लेगा। ये कानून तेजी से बदलते इस क्षेत्र के लिए पुराने पड़ते जा रहे थे और इन्हें बदलने की जरूरत काफी समय से महसूस की जा रही थी। लेकिन इस बिल में प्रस्तावित बदलावों पर विचार करने से पहले पिछले दस वर्षों के दौरान इस क्षेत्र में हुए सुधारों और उनके परिणामों पर एक नजर डाल लेना बेहतर होगा।

सरकार ने इस दौरान एडजस्टेड ग्रॉस रेवेन्यू की परिभाषा, बैंक गारंटी की जरूरत में तो बदलाव किया ही, ॅच्‍छ यानी वायरलेस प्लानिंग एंड कोऑर्डिनेशन विंग की प्रक्रिया में भी पूर्ण सुधार किया। राइट्स ऑफ वे की प्रक्रिया भी आसान बनाई गई और वाजिब शुल्क निर्धारित किए गए। यही नहीं सुरक्षा उपायों के साथ 100 फीसदी FDI की भी इजाजत दी गई।



2जी एलोकेशन को लेकर हुए विवाद और सुप्रीम कोर्ट द्वारा उसे अवैध करार दिए जाने के बाद इस क्षेत्र में जो शिथिलता दिखने लगी थी, वह इन सुधारों से दूर हुई। इसका असर भी इंडस्ट्री पर दिखा। ठज्ै यानी बेस ट्रांससीवर स्टेशन की संख्या इस दौरान 6.25 लाख से बढ़कर 25.5 लाख हो गई। ब्रॉडबैंड इंटरनेट के उपभोक्ता 1.5 करोड़ से बढ़कर 85 करोड़ हो गए। त्वॅ मंजूरी में लगने वाला औसत समय 230 दिनों से घटकर 10 दिन हो गया। परिणाम यह कि 3 लाख करोड़ के अधिक AGR के साथ टेलिकॉम अब एक सनराइज सेक्टर के रूप में देखा जा रहा है।

टेलिकम्युनिकेशंस बिल 2023 इन्हीं सुधारों की कड़ी को आगे बढ़ा रहा है। इसके मुताबिक स्पेक्ट्रम सौंपने का मुख्य तरीका ऑक्शन होगा। एडमिनिस्ट्रेटिव असाइनमेंट केवल जनहित (जैसे मेट्रो, सामुदायिक रेडियो) सरकारी कार्य (जैसे रक्षा, रेलवे, पुलिस) और उन क्षेत्रों तक सीमित होगा, जिनमें तकनीकी या आर्थिक कारणों से ऑक्शन को प्राथमिकता नहीं दी जा सकती। इसमें काम में न लाए जाने वाले स्पेक्ट्रम सरकार को वापस लौटाने का भी प्रावधान है। भूलवश कानून का उल्लंघन होने पर स्वेच्छा से अपनी गलती मानने का विकल्प है। विवाद निपटाने के लिए भी बहुस्तरीय व्यवस्था है और इस पूरी प्रक्रिया को डिजिटल रखा गया है। राष्ट्रीय सुरक्षा के लिहाज से इंटरसेप्शन के कुछ अधिकार सरकार के पास होने जरूरी हैं। फिर भी कुछ हलकों में इससे जुड़े पहलुओं पर चिंता है। लेकिन इस चिंता का औचित्य और उसका हल सही अर्थों में तभी सामने आएगा जब यह बिल कानून बनेगा और इसके उपयोग या दुरुपयोग से जुड़े पहलू व्यवहार में दिखने शुरू होंगे। कुल मिलाकर इस बिल में जिन कदमों का प्रस्ताव किया गया है, उससे टेलिकॉम इंडस्ट्री और डिजिटल इकॉनमी को और रफ्तार मिलेगी।

## तुलसी के प्रकार

धर्म-दर्शन

**अशोक वोहरा।** प्राचीन समय से ही तुलसी के पौधों का धार्मिक एवं आध्यात्मिक महत्व के साथ ही औषधीय गुण जन–जन के बीच विख्यात है। जनसेपाम लिकम ऐसा माना जाता है कि घर में तुलसी का पौधा लगाने से घर में सकारात्मकता, धन–दौलत, ज्ञान, ऐश्ध्वर्य, शांति, आरोग्य एवं शुद्धता का वास बना रहता है। यही वजह है कि तुलसी को अत्यधिक गुणकारी एवं अद्दितीय भी माना जाता है। तुलसी को उसके गुणों एवं रंगों के आधार पर कई प्रजातियों में बाँटा गया है इनमें से राम तुलसी और कृष्ण तुलसी भी एक है। यहाँ हम राम और कृष्ण तुलसी के संबंध में जानेंगे। राम तुलसी एवं कृष्णा तुलसी दोनों का अपना–अपना औषधीय महत्व है। दोनों ही प्रकार के तुलसी के पौधे अनेक रोगों को जड़ से समाप्त करने की क्षमता से परिपूर्ण एवं आयुर्वेदिक औषधि की भांति सहायक एवं गुणकारी हैं।

## संपादकीय

### डॉलर को चुनौती

यह भी सच है कि कई देशों ने अपने विदेशी व्यापार या ऋणों के लिए दूसरे विकल्प तलाशने शुरू कर दिए हैं। दरअसल, ये देश अमेरिकी डॉलर की बादशाहत को चुनौती देना और उस पर अपनी निर्भरता को कम करना चाहते हैं। फिर भी, चीन बाजार की संस्थाओं पर कब्जे की यह लड़ाई अपने बूते ज्यादा दूर तक ले जाएगा, इसकी संभावना नहीं लगती। जहां तक मध्य–पूर्व की बात है तो उसकी राजनीति बहुत जटिल है। उसे समझने और उसकी गुत्थी सुलझाने में चीन अमेरिका से बहुत पीछे है। कुल मिलाकर देखें तो चीन को अभी लंबी प्रतीक्षा करनी पड़ सकती है, जो वह बिल्कुल नहीं चाहेगा। दुनिया के कई देश स्थानीय मुद्राओं में द्विपक्षीय व्यापार की संभावनाएं तलाश रहे हैं। इसलिए चीन को थोड़ी आसानी रहेगी। फिर भी अभी चीन डॉलर से बहुत पीछे है। ऐसे में क्या दुनिया नए टकराव की ओर बढ़ने वाली है या इससे बचाव की कोई अप्रत्याशित राह निकल आएगी? जवाब वक्त ही दे सकता है।

**यह चीन का अपनी तरह का अकेला करंसी स्वापिंग एग्रीमेंट नहीं है। वर्ष 2020 तक चीन 41 देशों के साथ यह समझौता कर चुका था।**

# चीन पर भरोसा नहीं

हर्ष वी. पंत।।

हाल ही में पेइचिंग में अरब और कुछ इस्लामी देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक हुई। मकसद बताया गया, इस्राइल और हमास के बीच चल रहे संघर्ष का हल तलाशना। लेकिन चीन पहुंचे इन विदेश मंत्रियों द्वारा संदेश दिया गया कि पेइचिंग बैठक चीन के बढ़ते भू–राजनीतिक प्रभाव और फलस्तीन के प्रति उसके दीर्घकालिक सहयोग, दोनों का परिणाम है। सवाल है कि इस बैठक को किस नजर से देखा जाए? क्या मध्य–पूर्व के ये देश चीन को पावर सेंटर के रूप में देखने लगे हैं? अगर हां, तो क्या दुनिया फिर से बाई–पोलर बनने जा रही है? इसमें संदेह नहीं कि चीन उस शून्य को भरने की रणनीति बनाता रहता है, जो अमेरिका की कमजोर पड़ती उपस्थिति और शिथिल होते नेतृत्व के कारण उपज रहा है। मध्य–पूर्व के ज्यादातर देश भी अमेरिका के बजाय चीन की तरफ सरकते दिख रहे हैं। इसके बावजूद चीन के मध्य–पूर्व का लीडर बनने के कोई आसार नहीं हैं।

इसका एक कारण तो यह है कि चीन की अब तक की गतिविधियां विश्वसनीय नहीं रही हैं। दूसरा यह कि यदि चीन मध्य–पूर्व में अपनी जियो–पॉलिटिकल गतिविधियों को तेज करता है तो इस्राइल–अमेरिका भी सक्रियता बढ़ा सकते हैं। इस्राइल की दिलचस्पी अमेरिका में थोड़ी कम दिख रही है, लेकिन इसका यह मतलब नहीं है कि वह मध्य–पूर्व में चीन की उपस्थिति को स्वीकार कर लेगा। इस्राइल का धुर विरोधी ईरान भी चीन का सहयोग तो चाहता है लेकिन मध्य–पूर्व में चीन की लीडरशिप उसे मंजूर नहीं। अगर चीन मध्य–पूर्व पर छा गया तो शिया विश्व के नेतृत्व की उसकी दावेदारी खतरे में पड़ जाएगी। ऐसी स्थिति में इस बात की संभावना बहुत कम है कि पेइचिंग के नेतृत्व में कोई वैसा अलायंस बन पाएगा, जैसा मॉस्को के नेतृत्व वारसा पैक्ट था। यानी दुनिया के द्वि–ध्रुवीय होने की संभावना अभी बहुत धुंधली है।



फिर मध्य–पूर्व की इस जटिल राजनीति में चीन करना क्या चाहता है? क्या वह मध्य–पूर्व के उन माइक्रो स्पॉट्स की पहचान करने की कोशिश में है, जो अमेरिका को कमजोर करने में सहायक हो सकते हैं? ऐसे संकेत तो हैं। इसे जियो–इकॉनमिक चश्मे से देखने की जरूरत है। दरअसल, पेइचिंग बैठक के दौरान ही चीन और सऊदी अरब के बीच करंसी स्वापिंग से जुड़ा एक अहम समझौता हुआ। यह द्विपक्षीय व्यापार की दृष्टि से ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को बढ़ाने से संबंधित है, जिसे सऊदी सेंट्रल बैंक और पीपल्स बैंक ऑफ चाइना ने तीन साल के लिए स्वीकार किया है। इसके तहत दोनों बैंकों ने आने वाले तीन वर्षों में अधिकतम 50 अरब युआन तक का व्यापार करने का फैसला किया है। यह समझौता डॉलर को दरकिनार कर सीधा रियाल और युआन में भुगतान व्यवस्था को प्रोत्साहन देगा।

यह चीन का अपनी तरह का अकेला करंसी स्वापिंग एग्रीमेंट नहीं है। वर्ष 2020 तक चीन 41 देशों के साथ यह समझौता कर चुका था। संयुक्त अरब अमीरात, कतर और मिस्र जैसे देश इसमें पहले से शामिल हैं। फिर भी, सऊदी अरब के साथ चीन का यह समझौता कहीं ज्यादा अहम है। कारण यह कि सऊदी अरब मध्य–पूर्व में अमेरिका का केवल एक बड़ा व्यापारिक साझेदार ही नहीं, उसका स्ट्रैटेजिक पार्टनर भी है। इस स्थिति में पेइचिंग–रियाद कनेक्ट डॉलर इकॉनमी को तो भेदेगा ही, डिफेंस इकॉनमी और जियो–इकॉनमिक्स में भी सेंध लगाएगा।

### सूडोकू बवाल-5236

(कठिन)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | | | | 1 | | |
| | | | | 2 | 5 | 7 | 3 | |
| | 9 | 4 | | 6 | 7 | | | 2 |
| | 5 | | 4 | | 3 | | | 9 |
| | 8 | | | 9 | | | 7 | |
| 1 | | | 6 | | 8 | | 2 | |
| 6 | | | 7 | 4 | | 9 | 5 | |
| | 4 | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | | 8 | | | | 6 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकू बवाल -5235 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 1 | 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 |
| 8 | 2 | 3 | 4 | 5 | 9 | 1 | 7 | 6 |
| 4 | 5 | 7 | 1 | 6 | 8 | 3 | 9 | 2 |
| 5 | 6 | 8 | 7 | 1 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 1 | 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 2 | 6 | 5 |
| 2 | 3 | 9 | 5 | 4 | 6 | 8 | 1 | 7 |
| 7 | 4 | 1 | 8 | 9 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 8 | 5 | 6 | 2 | 1 | 7 | 4 | 9 |
| 6 | 9 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 | 1 |

## अपना ब्लॉग

### डॉलर की पेशबंदी

**मोहन।** ध्यान रहे, अभी तक डॉलर ही ग्लोबल इकॉनमी को ड्राइव कर रहा है। ऐसे में डॉलर की पेशबंदी अमेरिका को किसी कीमत पर मंजूर नहीं होगी। वैश्विक वित्तीय एवं मुद्रा बाजार में अमेरिका का प्रभाव दूसरे विश्वयुद्ध के बाद से ही रहा है। अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थाएं भी प्रायरू उसी के इशारे पर काम करती रही हैं। अमेरिका डॉलर के साथ–साथ इन वित्तीय संस्थाओं और अंतरराष्ट्रीय वित्त व्यवस्था का इस्तेमाल अपने प्रभुत्व को दर्शाने के लिए भी करता रहा है। इसे नियंत्रित करने के लिए चीन छटपटा रहा है। वह अब सॉफ्ट वॉर के सहारे आगे बढ़ना चाहेगा। कुछ वैश्विक वित्तीय बाजारों में प्रतिदिन 7.5 लाख करोड़ रुपये का कारोबार होता है जिनमें 88 प्रतिशत सौदों में डॉलर एक समकक्ष मुद्रा होती है। वर्ष 2008 से 2022 के आंकड़ों के अनुसार अंतरराष्ट्रीय व्यापार का लगभग 75 प्रतिशत अमेरिकी डॉलर में हुआ। इस स्थिति में दूसरे देश डॉलर को रिजर्व करंसी के रूप में बनाए रखेंगे।





## डिनो मोरिया ने की एक्स–गर्लफ्रेंड बिपाशा बसु की जमकर तारीफ

डिनो मोरिया का भले ही बिपाशा बसु के साथ रिलेशनशिप रहा और नंदिता महतानी व लारा दत्ता के साथ भी नाम जुड़ा, पर एक्टर आज भी सिंगल हैं। हालांकि डिनो मोरिया को इंतजार है, जब उन्हें परफेक्ट लाइफ पार्टनर मिलेगा। डिनो मोरिया ने लेटेस्ट इंटरव्यू में बच्चों और पार्टनर को लेकर बात की। उन्होंने कहा कि वह बच्चे चाहते हैं, पर सिंगल पैरेंट नहीं बनना चाहते। साथ ही डिनो मोरिया ने एक्स–गर्लफ्रेंड बिपाशा बसु के बारे में भी बात की। उन्होंने बिपाशा की जमकर तारीफ की और अपनी सबसे फेवरेट को–स्टार बताया।
डिनो मोरियो ने वेब सीरीज मेंटलहुड में एक सिंगल पैरेंट का रोल प्ले किया था, जिसमें उन्हें खूब पसंद किया गया। पर डिनो मोरिया असल जिंदगी में सरोगेसी से पिता नहीं बनना चाहते। श्बॉलीवुड बबलश को दिए इंटरव्यू में डिनो मोरिया ने कहा कि उन्हें शादी करनी है और शादी से बच्चे चाहिए। डिनो मोरिया से पूछा गया था कि क्या वह सरोगेसी के जरिए बेबी प्लान कर रहे हैं या गोद लेंगे या फिर शादी के बाद पैरेंट बनेंगे। जवाब में डिनो मोरिया ने कहा, मैं वास्तव में बच्चे चाहता हूं। मैं पिता बनना चाहता हूं। मैं शादी करना चाहता हूं। एक पार्टनर और बच्चे चाहता हूं। पर मैं बच्चे खुद अकेले नहीं करना चाहता। मुझे एक पार्टनर की जरूरत है। इसलिए, मैं सिंगल फादर नहीं बनना चाहूंगा। मैं जानता हूं कि मैं एक शानदार पिता बनूंगा। मुझे यह पता है।

## अमिताभ बच्चन ने किराए पर दिया अपना ओशिवारा वाला लग्जरी ऑफिस

बॉलीवुड एक्टर और क्विज शो कौन बनेगा करोड़पति 15 के होस्ट अमिताभ बच्चन एक बार फिर चर्चा में हैं। जहां इन्होंने हाल ही में अपना घर जलसा बेटी के नाम कर दिया था। वहीं, अब खबर है कि बिग बी ने अपना एक लग्जरी ऑफिस म्यूजिक कंपनी को किराए पर दे दिया है। हालांकि मुफ्त में नहीं, बल्कि करोड़ों रुपये में। अब कितने में ये लीज पर दिया गया है, आइए आपको बताते हैं। अमिताभ बच्चन के पास प्रॉपर्टीज की कमी नहीं है। उनके पास अथाह दौलत है। मुंबई के ओशिवारा वाले लग्जरी ऑफिस को फिलहाल उन्होंने किराए पर उठा दिया है। बताया जा रहा है कि ये एक म्यूजिक कंपनी को दिया गया है, जिनसे वह 2 करोड़ रुपये चार्ज करेंगे। रिपोर्ट के मुताबिक, अमिताभ बच्चन ने इस ऑफिस को वॉर्नर म्यूजिक कंपनी को 2 करोड़ रुपये के सालाना किराए पर सौंपा है। अब अगले 5 साल तक ये प्रॉपर्टी एक्टर को महीने का लाखों रुपये देगी।

## कोलंबिया में लगी शकीरा की 21 फीट ऊंची कांसे की प्रतिमा



ग्रैमी अवॉर्ड जीत चुकीं हॉलीवुड की मशहूर सिंगर और सॉन्गराइटर शकीरा को एक बड़ा सम्मान मिला है। कोलंबिया में उनके होमटाउन बैरेंक्वला में सिंगर की एक 21 फीट ऊंची कांसे की प्रतिमा लगाई गई है। इसका अनावरण सिंगर के माता–पिता ने किया है। यह मौका बहुत ही इमोशनल रहा। शकीरा की इस प्रतिमा को उनके सिग्नेचर बेली डांस पोज का रूप दिया गया है। जाहिर तौर पर शकीरा, उनके परिवार और उनके करोड़ों फैंस के लिए यह एक गर्व का मौका है, लेकिन जैसे ही इसकी तस्वीरें और वीडियोज सामने आए, सोशल मीडिया ने एक बड़ी गलती ढूंढ ली है। इस गलती को देखने के बाद आप भी यही कहेंगे कि ओह! ये क्या हो गया। महज चार साल की उम्र में अपना पहला गाना लिखने वाली शकीरा के फैंस उनकी आवाज, डांस और खूबसूरती सबकुछ के मुरीद हैं। हिप्स डोंट लाई और वाका वाका जैसे गाने पर झूमने को मजबूर कर देने वाली शकीरा को अवॉर्ड तो कई मिले, लेकिन यह पहला मौका है, जब उनके सम्मान में कुछ ऐसा किया गया हो। 46 साल की शकीरा की यह प्रतिमा बैरेंक्विला में नदी के किनारे एक पार्क में है। शकीरा ने खुद इस मौके की बेहतरीन तस्वीरें और वीडियो इंस्टाग्राम पर फैंस के साथ शेयर की हैं।

# हार्ट अटैक पराठा खाने जालंधर पहुंचे कपिल शर्मा

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

*अपनी कॉमेडी और जबरदस्त ह्यूमर से सबके चहेते बन चुके कपिल शर्मा हाल ही पत्नी गिन्नी चतरथ के साथ ससुराल जालंधर पहुंचे। वहां उन्होंने मॉडल टाउन के मशहूर हार्ट अटैक वाले देसी घी के पराठों का स्वाद लिया। कपिल शर्मा ने वीर दविंदर के पराठे खाने के बाद उनकी खूब तारीफ की। पराठों के बाद उन्होंने वहीं सड़क पर खड़े होकर चाय की चुस्कियां भी लीं। कपिल शर्मा ने बताया कि जब वह मुंबई में थे, तो उन्होंने सोशल मीडिया पर जालंधर का हार्ट अटैक पराठे का वायरल वीडियो देखा था। उसी को देखकर उन्होंने जालंधर आकर इसका स्वाद लेने का फैसला किया। कपिल को यह पराठा बहुत पसंद आया। उन्होंने और पत्नी ने बड़े चाव से इसका स्वाद लिया।*



**क्या है हार्ट अटैक पराठा?**

मालूम हो कि पिछले कुछ समय से जालंधर में वीर दविंदर नाम के शख्स के पराठों की चर्चा है। वह रात में देसी घी के पराठे बनाता है। पहले वह एक होटल में काम करता था, लेकिन बाद में अपना अलग काम शुरू कर दिया। कपिल का ससुराल भी जालंधर में ही है। उनकी पत्नी गिन्नी चतरथ यहीं की रहने वाली हैं।

**सुनील ग्रोवर के साथ कपिल शर्मा करेंगे धमाल**



प्रोफेशनल फ्रंट की बात करें, तो कपिल शर्मा अब जल्द ही अपने कॉमेडी शो के नए सीजन के साथ वापसी कर रहे हैं। इस नए सीजन में वह एक बार फिर सुनील ग्रोवर के साथ नजर आएंगे। साल 2016 में कपिल शर्मा और सुनील ग्रोवर का झगड़ा हो गया था, जिसके बाद उन्होंने अपने रास्ते अलग कर लिए थे। लेकिन अब नए सीजन के साथ दोनों एक साथ वापसी कर रहे हैं। श्द कपिल शर्मा शोश का नया सीजन व्ज्ज प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम किया जाएगा। अभी रिलीज डेट अनाउंस नहीं की गई है।

# सुजैन खान के बॉयफ्रेंड अर्सलान गोनी घर पर भूले पासपोर्ट

*साल 2024 आने में अब मुश्किल से चंद घंटे ही बाकी है। ऐसे में बॉलीवुड से जुड़े तमाम सितारे न्यू ईयर सेलिब्रेट करने के लिए मुंबई से अपनी–अपनी डेस्टिनेशन पर रवाना हो चुके हैं। अरबाज खान और रणदीप हुड्डा अपनी–अपनी नई नवेली दुल्हन संग एयरपोर्ट पर स्पॉट हुए तो ऋतिक रोशन की एक्स वाइफ सुजैन खान भी बॉयफ्रेंड अर्सलान गोनी संग छुट्टियां मनाने के लिए निकल पड़ीं। हालांकि वह एयरपोर्ट के अंदर जाती, उसके पहले ही एक कांड हो गया। वो क्या, आइए बताते हैं।*



दरअसल, अर्सलान गोनी और सुजैन खान को चेकइन करना था। एयरपोर्ट के गेट पर ही पासपोर्ट समेत अन्य डॉक्यूमेंट्स चेक किए जाते हैं। सुजैन खान ने तो अपना पासपोर्ट दिखा दिया। मगर अर्सलान ने जब अपने बैग और पॉकेट में हाथ डाला तो वह अपना पासपोर्ट घर पर ही भूल आए। ऐसे में उन्हें दोबारा घर के लिए रवाना होना पड़ा। वहीं, पपाराजी से भी उन्होंने इस मोमेंट को कैप्चर न करने के लिए कहा।

**अर्सलान गोनी घर पर भूले पासपोर्ट**

अपना पूरा बैग और लगेज लेकर अर्सलान और सुजैन वापस घर के लिए रवाना हुए। इस दौरान ये वीडियो पपाराजी अकाउंट पर शेयर हो गया। जिस पर लोगों ने रिएक्शन दिया। एक यूजर ने लिखा, कृष को बोलो, उड़कर देकर जाएगा। एक ने लिखा, शफिर घर जाकर पता चले कि पासपोर्ट जैकेट की पॉकेट में था। एक यूजर ने तो फिरकी लेते हुए कहा, रेलवे स्टेशन जाना था, एयरपोर्ट आ गए जल्दी में। एक ने कहा, लुई विटॉन का थैला टांगने में भूल गए कि पासपोर्ट ज्यादा जरूरी है।

**कौन है सुजैन खान?**

सुजैन खान को लोग भले ऋतिक रोशन की एक्स वाइफ के रूप में जानते हैं। मगर वह पेशे से एक जानी–मानी फैशन डिजाइनर भी हैं। इनकी एक्टर संग शादी साल 2000 में हुई थी। इन्हें दो बेटे रेहान और रिदान हुए थे। लेकिन 13 साल बाद 2013 में इनका तालक हो गया था। इसके बाद जहां सुजैन ने अर्सलान को डेट करना शुरू किया। वहीं, ऋतिक भी सबा आजाद संग प्यार की नैया पर सवार हैं।

# शरीर से रूह निकाल देगी विटामिन बी 12 की कमी, रह जाएगा कंकाल

*विटामिन बी के 8 प्रकार हैं जिसमें बी12 काफी महत्वपूर्ण है। यह बहुत कम फूड्स में होता है और इसकी कमी जानलेवा साबित हो सकती है। इसके 12 लक्षणों पर हर वक्त नजर बनाए रखें और इसके 6 सोर्स खाएं।*



**विटामिन बी12 क्या है?**
इसे कोबालामिन भी कहते हैं और यह पानी में घुलने वाला विटामिन है। यह आपके नर्वस सिस्टम को विकसित करने के लिए जरूरी होता है। नेशनल हेल्थ इंस्टीट्यूट 19 साल या उससे बड़े वयस्कों को रोजाना 2.4 mcg कोबालामिन लेने की सलाह देता है। कुछ लक्षण इसकी डेफिशिएंसी शुरू होने की चेतावनी देते हैं और मरीज को ऐसा लगता है कि शरीर में जान ही नहीं बची।

मांसाहारी खाद्य पदार्थों में विटामिन बी12 प्राकृतिक रूप से मौजूद होता है। यह आपके डीएनए को बनाने में मदद करता है। इस पोषक तत्व की कमी से खून की ताकत खोने लगती है और दिमाग भी कमजोर हो जाता है। कोशिकाओं को स्वस्थ रहने के लिए विटामिन बी12 की जरूरत पड़ती है, इसलिए इसकी थोड़ी कमी भी पूरे शरीर के लिए नुकसानदायक साबित हो सकती है।

**ऑक्सीजन की कमी**
बेवजह और हर वक्त थकान रहना विटामिन बी12 की कमी का संकेत है। शोध के मुताबिक इसकी वजह से रेड ब्लड सेल्स का उत्पादन कम होने लगता है और शरीर में ऑक्सीजन का फ्लो बिगड़ जाता है। इसके बाद मरीज को थकावट, बदन टूटना, आलस और सांस फूलने की दिक्कत हो सकती है।

**गैस और एसिडिटी**
कोबालामिन कम होने पर जी मिचलाना, कब्ज, गैस, ब्लोटिंग और एसिडिटी की दिक्कत हो जाती है। इसके अवशोषण और उत्पादन में पेट के हेल्दी बैक्टीरिया का रोल जरूरी होता है। जब इनका फंक्शन बिगड़ जाता है तो इस विटामिन की कमी हो जाती है।

**अंदरुनी सूजन होना**
इस समस्या को ग्लोसाइटिस कहते हैं और इसमें मुंह के अंदर सूजन, लालिमा और दर्द हो सकता है। आमतौर पर यह जीभ के आसपास होती है और कई बार दूसरे हिस्सों को भी प्रभावित कर सकती है। विटामिन बी12 की कमी से होने वाली एनीमिया में यह काफी आम है।

**फोलेट वाला एनीमिया**
जब रेड ब्लड सेल्स का उत्पादन कम होता है तो फोलेट एनीमिया भी विकसित हो सकता है। ब्लड लेवल कम होने पर शरीर पीला नजर आता है और ढंग से पोषण और ऑक्सीजन नहीं मिल पाती। जब भी आपके चेहरे या हाथ का रंग पीला–सफेद होने लगे तो विटामिन बी12 का टेस्ट जरूर करवा लें।



## अजीब बीमारी जो छीन लेती है पुरुषों की मर्दानगी, महिलाओं से होने लगती है घृणा!

गायनोफोबिया एक खास किस्म का फोबिया है, जो पुरुषों में महिलाओं को लेकर होता है। महिला को देखते ही उनको पसीना आने लगता है, उनके पैर कांपने लगते हैं और बात करते हुए वे हकलाते लगने लगते हैं। कुछ लोगों को तो इतनी घबराहट होने लगती है कि उनको सांस लेने तक में परेशानी होने लगती है। इस फोबिया से पीड़ित व्यक्ति में महिलाओं के लिए असामान्य भय या घृणा पैदा हो जाती है। यह एक ऐसा डर है, जो कुछ फीसदी सेक्स से जुड़ी भावनाओं और शारीरिक संबंध बनाने को लेकर भी होता है। सायकोलॉजिस्ट निधि गुरुरानी कहती हैं कि गायनोफोबिया के संभावित लक्षणों में पैनिक अटैक, सीने में जकड़न, बहुत ज्यादा पसीना आना, दिल की धड़कन तेज होना, चक्कर आना, थकान और सांस लेने में कठिनाई महसूस होना जैसी चीजें होती हैं। इसमें व्यक्ति की पढ़ने–लिखने और रोजमर्रा के काम करने की क्षमता भी प्रभावित होती है। गायनोफोबिया का डर महिला से नहीं बल्कि अपने ही अंदर बैठे एक ऐसे इंसान से होता है, जिसे किसी के करीब जाने में घबराहट महसूस करता है। इसमें आप खुद को नकारात्मक तरीके से देखते हैं। इसमें व्यक्ति इस बात को लेकर डरा रहता है कि कहीं महिला आसपास न आ जाए।

## निमोनिया से तड़प जाते हैं बच्चे, खाने में दें ये चीजें तो तुरंत होगी रिकवरी

अक्सर बच्चे निमानिया की चपेट में आ जाते हैं और इसी वजह से उनके काफी कुछ झेलना पड़ता है। निमोनिया में बच्चे की स्वास्थ्य स्थितिमें काफी गिरावट आ जाती है और इस समय उसकी सेहत में सुधार लाने के लिए उसे न सिर्फ दवाओं की जरूरत पड़ती है बल्कि कुछ खास फूड्स भी इस बीमारी से लड़ने में मदद कर सकते हैं। निमोनिया एक ऐसा इंफेक्शन है जिसमें फेफड़ों की एक या दोनों हवा की थैलियों में फ्लूइड भर जाता है जिसकी वजह से बलगम, बुखार, ठंड लगने और सांस लेने में दिक्कत आने जैसे लक्षण दिखाई देते हैं। यूनिसेफ के अनुसार हर साल निमोनिया से सात लाख मौतें होती हैं जिसका मतलब है कि रोज दो हजार लोगनिमोनिया से मरते हैं। अगर आपके बच्चे को भी निमोनिया हो गया है, तो आप आज से ही डॉक्टर से सलाह लेने क बाद अपने बच्चे के आहार में यहां बताए गए फूड्स को शामिल करना शुरू कर दें। इस समय बच्चे को प्रोटीन से भरपूर चीजें खिलानी चाहिए जैसे कि नट्स, बीज, बींस और फिश। ये फूड्स इम्यूनिटी को बढ़ाने में मदद करते हैं और निमोनिया के लक्षणों को रोकते हैं।

# इस वक्त खाने पड़ेंगे विटामिन डी फूड्स तभी दूर होगी कमी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**




*हमारे शरीर में हर विटामिन का अपना महत्व होता है। विटामिन ए जहां आंखों की रोशनी के लिए अच्छा है, वहीं विटामिन बी मेटाबॉलिज्म को बढ़ाने में मदद करता है। इसी तरह विटामिन सी, डी, ई और ज्ञ के भी अपने फायदे हैं। वैसे इन दिनों विटामिन डी की बात सबसे ज्यादा होती है। पिछले कुछ समय में लोगों ने विटामिन डी के महत्व को समझा है और अब शरीर में इसकी कमी को पूरा करने के लिए कई तरीके अपना रहे हैं। बता दें कि मजबूत हड्डियों और जोड़ों के लिए विटामिन डी बहुत जरूरी है। यह विटामिन हमें कई चीजों से मिलता है, लेकिन इसका मुख्य सोर्स है सूर्य की रोशनी। जिन लोगों को पर्याप्त सूर्य की रोशनी नहीं मिल पाती, वे विटामिन डी की टेबलेट या सप्लीमेंट का सेवन करते हैं।*

**सही तरीका**
लेकिन इसे लेने का सही तरीका जान लेना जरूरी है। नहीं तो आप कई शारीरिक समस्याओं की गिरफ्त में आ सकते हैं। मेदांता द मेडिसिटी के वैस्कुलर सर्जरी के चेयरमैन डॉ.राजीव पारेख ने विटामिन डी लेने का सही तरीका बताया है। अगर आपको भी विटामिन डी की जरूरत है, तो यह जानकारी आपके लिए बहुत उपयोगी साबित हो सकती है।

**किसे लेना चाहिए विटामिन डी?**
बता दें कि जिन लोगों के शरीर में विटामिन डी की कमी होती है, अगर खाने से वो कमी दूर नहीं होती, तो विटामिन डी सप्लीमेंट दिया जाता है। वैसे तो सूर्य की रोशनी विटामिन डी का नेचुरल सोर्स है, लेकिन अगर आप इसे नहीं ले पाते, तो इसके सप्लीमेंट्स को सही तरीके से लेने पर ध्यान देना चाहिए।



**कब लेना चाहिए विटामिन डी?**
डॉ.पारेख के मुताबिक विटामिन डी सुबह के समय लेना चाहिए। सुबह उठकर खाली पेट किसी भी फैट पदार्थ जैसे चाय, दूध, दही या घी के साथ विटामिन डी ले सकते हैं। इस तरह से इसका सेवन किया जाए, तो अवशोषण बेहतर होता है। अगर आप इसे दोपहर में खाने के साथ, खाने के बाद या रात मे सोते समय लेंगे, तो इसके अवशोषण में कमी आ सकती है। एक बार विटामिन डी का लेवल बढ़ भी जाए, तो इसके लिए बहुत समय लगेगा।

**किन चीजों से मिल सकता है विटामिन डी?**
सूर्य की किरणों के अलावा आप टयूना, सैल्मन के सेवन से भी विटामिन डी ले सकते हैं। नॉन–वेजिटेरियन लोगों के लिए यह अच्छा विकल्प है। एग व्हाइट, सोया मिल्क, दही, संतरे का जूस और अनार में भी विटामिन डी भरपूर मात्रा में होता है। मशरूम में भी विटामिन डी बहुत अच्छी मात्रा में पाया जाता है।

**ज्यादा विटामिन डी के साइड इफेक्ट**
डॉक्टर की सलाह के बिना विटामिन डी लेने के कई नुकसान भी हैं, जो आपको जरूरी जानने चाहिए। जरूरत से ज्यादा विटामिन लेने पर उल्टी, कमजोरी और जी मिचलाने जैसी दिक्कतें हो सकती हैं। इसका ज्यादा सेवन शरीर में कैल्शियम और फास्फोरस की मात्रा बढ़ा सकता है, जिससे फेफड़ों में क्रिस्टल बनने लगते हैं। गलत तरह से विटामिन का सेवन टॉक्सिसिटी हाइपरकैल्सीमिया की वजह बन सकता है। इसके ज्यादा सेवन से गैस्टोइंटेस्टनाइल प्रॉब्लम हो सकती हैं।

## रोते हुए सांस लेना बंद कर देता है शिशु? फटाफट फॉलो कर लें ये उपाय



छोटे बच्चे बहुत नाजुक होते हैं। हर पल माता–पिता को उनका ख्याल रखना पड़ता है। सोते हुए, दूध पीते हुए, खेलते हुए यहां तक की रोते हुए भी उनका ध्यान रखने की जरूरत होती है। अगर आप भी एक मां है, तो आप समझ सकती हैं कि बच्चे का रोना किसी मां को अच्छा नहीं लगता। साथ ही रोते हुए बच्चा सांस रोक ले, तो माता–पिता की सांसें अटक जाता है। कई बार नवजात शिशु रोते हुए सांस रोक लेते हैं, नीले पड़ जाते हैं और फिर सुस्त हो जाते हैं। जिसे देख माएं डर जाती हैं। पीडियाट्रिशियन डॉ. पवन मंडाविया ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर की है। इसमें उन्होंने बताया है कि रोते हुए बच्चे का सांस रोक लेना एक कॉमन प्रॉब्लम है, जो लगभग 60 फीसदी बच्चों में देखने को मिलती है। अगर आपके घर में छोटा बेबी है, तो इस सिचुएशन को हैंडल करना आना चाहिए। यहां बताए गए कुछ तरीकों को अपनाकर बच्चे की सांस रोकने की समस्या से राहत पाई जा सकती है। यह स्थिति 2 महीने से लेकर 2 साल तक के बच्चों में ज्यादा देखी जाती है। इसे ब्रेथ होल्डिंग सिंड्रोम या ब्रेथ होल्डिंग स्पेल भी कहा जाता है। ब्रेथ होल्डिंग सिंड्रोम एक ऐसी सिचुएशन है, जिसमें बच्चा रोते रोते सांस लेना भूल जाता है। ऐसा 1 से 2 मिनट तक हो सकता है। इसमें बच्चा तब तक सांस रोके रखता है, जब तक की उसका होंठ और चेहरा नीला न पड़ जाए।




रिंकू सिंह के लिए खुला पूरा आसमां

साल 2023 में भारत की सबसे बड़ी खोज रिंकू सिंह रहे। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने लोअर ऑर्डर में फिनिशर की भूमिका बखूबी निभाई। जबरदस्त आईपीएल सेशन के बाद उन्हें भारतीय टीम में एंट्री मिली। 2022 में उन्होंने भारत की ओर से 12 मैच में 180.68 की स्ट्राइक रेट से 262 रन बनाए।

# चार युवा बल्लेबाजों का होगा नया साल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्लीरू साल 2023 में भारत ने कुल 23 टी–20 इंटरनेशनल मैच खेले, जिसमें से 15 जीते तो सात में उसे हार का मुंह देखना पड़ा। एक मैच ऐसा था, जिसमें कोई नतीजा नहीं निकला। 65.22 के विनिंग परसेंट के साथ भारतीय टीम अब साल 2024 में एंट्री कर चुकी है। जून में टी–20 वर्ल्ड कप होना है, ऐसे में भारतीय टीम कड़वी यादों को भुलाकर 2007 के बाद अपना दूसरा टाइटल जीतना चाहेगी। ये जिम्मेदारी भी उसी तरह यंग ब्रिगेड के कंधों पर होगी, जैसे धोनी की कप्तानी में 17 साल पहले कमाल हुआ था। महाराष्ट्र के रुतुराज गायकवाड़ ओपनर को साल 2023 में 10 टी–20 मैच खेलने का मौका मिला। 60.83 की जबरदस्त एवरेज के साथ उन्होंने साबित कर दिया कि क्यों आईपीएल में चेन्नई सुपरकिंग्स के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी उन पर इतना भरोसा जताते हैं। मुंबई के एक और ओपनर यशस्वी जायसवाल ने भारत के लिए साल 2023 में 15 मैच में 430 रन बनाए। बाएं हाथ के मिडिल ऑर्डर बल्लेबाज तिलक वर्मा ने भी इसी साल भारत के लिए डेब्यू किया। 15 मैच में हैदराबाद के इस युवा बैटर ने 34.44 की औसत, 141.55 की स्ट्राइक रेट के साथ 310 रन बनाए।

# नए साल की पहली सुबह डेविड वॉर्नर ने क्रिकेट जगत को चौंकाया

क्रिकेट

## पाकिस्तान के खिलाफ तीसरा टेस्ट डेविड वॉर्नर के करियर का आखिरी मैच होगा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया की टीम 3 जनवरी से सिडनी क्रिकेट ग्राउंड में पाकिस्तान के खिलाफ सीरीज का तीसरा और आखिरी टेस्ट मैच खेलने जा रही है। ऑस्ट्रेलियाई ओपनर डेविड वॉर्नर का यह घरेलू मैदान पर करियर का यह आखिरी टेस्ट मैच है। ऐसे में नए साल की पहली सुबह वॉर्नर ने सभी को चौंका दिया। वॉर्नर ने एक साल के मौके पर वनडे क्रिकेट से भी संन्यास लेने का फैसला किया है। ऑस्ट्रेलियाई टीम के दो बार के वनडे वर्ल्ड कप विजेता ने पाकिस्तान के खिलाफ तीसरे टेस्ट मैच से पहले यह घोषणा की।

बांए हाथ के बल्लेबाज वॉर्नर ने ओपनर के रूप में 161 वनडे मैचों में 45.30 की ओसत और 97.26 के स्ट्राइक रेट से 6 हजार




932 रन बनाए हैं। इस बीच उन्होंने अपने करियर में 22 शतक और 33 अर्धशतक अपने नाम किए हैं। वॉर्नर के करियर की बेहतरीन पारी 179 रन की रही है।

वॉर्नर के लिए वनडे से संन्यास लेने के लिए इससे अच्छा समय नहीं हो सकता था क्योंकि इस साल ऑस्ट्रेलिया ने भारत में अयोजित 2023 वनडे वर्ल्ड कप में जीत हासिल की है। वॉर्नर ने 11 मैचों में 48.63 की ओसत और 108 से ज्यादा के स्ट्राइक रेट से वर्ल्ड कप में 535 रन बनाए हैं। इसमें 2 शतक और अर्धशतक भी शामिल थे। वह वर्ल्ड कप 2023 में छठे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज थे।

वॉर्नर टी20 क्रिकेट के लिए अभी भी ऑस्ट्रेलियाई टीम में मौजूद रहेंगे। इस साल जून में अमेरिका और वेस्टइंडीज में आयोजित होने वाले वर्ल्ड कप में डेविड वॉर्नर हिस्सा लेंगे। हालांकि, 37 साल के बल्लेबाज वॉर्नर को टी20 का स्पेशलिस्ट माना जाता है।

ऐसे में ऑस्ट्रेलिया की टीम में वॉर्नर की जगह किस खिलाड़ी को जगह दी जाएगी। इस पर भी विचार किया जा रहा है। अब तक कैमरून ग्रीन को इस जगह का सबसे बेहतरीन खिलाड़ी माना जा रहा है। अब देखना होगा कि उस्मान के साथ कौन सा खिलाड़ी ऑस्ट्रेलिया की पारी की शुरुआत के लिए टीम में आएगा।

# नए साल की पहली सुबह पर डेविड वॉर्नर को मिला बड़ा गिफ्ट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया के ओपनर बल्लेबाज डेविड वॉर्नर को इंटरनेशनल लीग टी20 की फ्रेंचाइजी दुबई कैपिटल्स का नया कप्तान बनाया गया है। 37 साल के खिलाड़ी वॉर्नर दो बार की फाइनलिस्ट दिल्ली के कप्तान बने हैं।

वॉर्नर ने इससे पहले कई फ्रेंचाइजी टीमों की कप्तानी की है। उन्होंने आईपीएल में 2016 में सनराइजर्स हैदराबाद को अपना पहला खिताब जीतने में मदद की। 37 वर्षीय खिलाड़ी आईएल टी 2024 में दुबई कैपिटल्स का नेतृत्व करेंगे।

आईएलटी 20 जनवरी से 18 फरवरी तक खेला जाएगा। पिछले साल दुबई की टीम

हादराबाद ने वॉर्नर की कप्तानी में जीता पहला आईपीएल

एलिमिनेटर मैच तक पहुंची थे, लेकिन एमआई अमीरात ने उन्हें हराया था। इसके अलावा वॉर्नर अभी पाकिस्तान के खिलाफ तीन मैचों का टेस्ट सीरीज खेल रहे हैं।

सिडनी में सीरीज का तीसरा टेस्ट वॉर्नर के करियर का आखिरी टेस्ट मैच होगा। वॉर्नर ने इस सीरीज में शानदार प्रदर्शन करते हुए दो मैचों में 208 रन बनाए। उन्होंने पहले टेस्ट मैच में पाकिस्तान के खिलाफ 164 रन की शानदार पारी खेली। इस बीच नए साल के अवसर पर उन्होंने अपने वनडे करियर से भी संन्यास लेने की घोषणा की है। अब तक कैमरून ग्रीन को इस जगह का सबसे बेहतरीन खिलाड़ी माना जा रहा है। अब देखना होगा कि उस्मान के साथ कौन सा खिलाड़ी ऑस्ट्रेलिया की पारी की शुरुआत के लिए टीम में आएगा।

ऐसे में टीम के सामने एक बड़ा सवाल यह है कि उस्मान ख्वाजा के साथ पारी की शुरुआत कौन करेगा। हालांकि ऑस्ट्रेलिया के पास लिस्ट में कई खिलाड़ी हैं। वॉर्नर के संन्यास के बाद टीम में मार्कस हैरिस, कैमरून बैनक्रॉफ्ट और मैथ्यू रेनशॉ का नाम लिस्ट में सबसे ऊपर है।

टीम के पूर्व कप्तान स्टीव वॉ के अनुसार 24 साल का रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर का बल्लेबाज इसके लिए सबसे बेहतरीन ऑप्शन है। वॉ ने फॉक्स स्पोर्ट्स.कॉम.एयू से बात करते हुए कहा कि सभी की नजरें इन तीन बल्लेबाजों पर है खासतौर से बैनक्रॉफ्ट, लेकिन मुझे लगता है कि सिलेक्टर्स की नजरें कहीं और हैं।

## मुहम्मद वसीम, जिसने हिटमैन का रिकॉर्ड कर दिया धुआं-धुआं

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। यूएई के कप्तान मोहम्मद वसीम ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वह ऊंचाइयां हासिल कीं जो कोई और नहीं कर सका। जब उनकी टीम ने रविवार को शारजाह में अफगानिस्तान का सामना किया, तो वसीम ने इतिहास की किताबों में अपना नाम दर्ज करा लिया, क्योंकि उन्होंने छक्का मारने का विश्व रिकॉर्ड बनाया। इसके साथ ही भारतीय कप्तान रोहित शर्मा का महारिकॉर्ड चूर–चूर हो गया। 2023 को शानदार तरीके से समाप्त करते हुए वसीम एक कैलेंडर वर्ष में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 100 छक्के लगाने वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं। 29 वर्षीय को इस मायावी उपलब्धि को छूने के लिए दो छक्कों की जरूरत थी और उन्होंने ऐसा तब किया जब उन्होंने नए साल की पूर्व संध्या पर अफगानिस्तान के खिलाफ दूसरे टी20 में 3 छक्के लगाए। शारजाह क्रिकेट स्टेडियम की छत पर डीप–मिड विकेट पर नूर अहमद को जमा करके वसीम ने अपना 100वां छक्का लगाया।

न्यूज डायरी



## केएल राहुल ने वाइफ अथिया शेट्टी के पीठ पीछे छिपा रखा है बड़ा राज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** केपटाउन। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट में केएल राहुल भारत के लिए सबसे अधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे। उन्होंने शतक जड़ा। हालांकि, वह भारत की पारी से हार को टाल नहीं सके। बावजूद इसके सुनील गावस्कर ने लोकेश राहुल के शतक को टेस्ट क्रिकेट में भारत के लिए शीर्ष 10 शतकों में से एक करार देते हुए तारीफ की। केएल राहुल ने वनडे विश्व कप 2023 में भी भारत के लिए अच्छा प्रदर्शन किया था, जहां उन्होंने विकेटकीपर के दस्ताने भी पहने थे। केएल राहुल ने हाल ही में चोट और रिकवरी के दौरान पत्नी अथिया शेट्टी से मिले समर्थन और उनके छोटे से अंधविश्वास का खुलासा किया। राहुल और अथिया की शादी 2023 में हुई थी। अथिया बॉलीवुड अभिनेता और उद्यमी सुनील शेट्टी की एक्ट्रेस बेटी हैं। उन्होंने कहा– वह मेरे साथ थी। वह हमेशा हर चीज में मेरे साथ रही। ज्यादातर दिनों में वह मुझसे ज्यादा निराश और गुस्से में थी। इसलिए, मैंने खुद को किसी भी अन्य चीज की तुलना में उसे शांत रखने की कोशिश की। लेकिन यह भी पहली बार है कि जब उसने मुझे कुछ इस तरह से गुजरते देखा है। केएल राहुल ने यह भी खुलासा किया कि जब वह मैदान पर होते हैं तो अपनी पत्नी के बारे में नहीं सोचते हैं। उन्होंने अपने राज से पर्दा उठाते हुए कहा– वह मुझे मार डालेगी, लेकिन जब मैं मैदान पर उतरता हूं तो मैं वास्तव में उसके बारे में नहीं सोचता। यह सिर्फ क्रिकेट के बारे में होता है।

## फाइनल टेस्ट से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में भावुक हुए डेविड वॉर्नर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। डेविड वॉर्नर पाकिस्तान के खिलाफ अपने टेस्ट करियर का आखिरी मैच खेलेंगे। इस बीच फाइनल टेस्ट से पहले डेविड वॉर्नर ने सिडनी में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की। वॉर्नर ने कहा कि वह जानते थे कि बॉल टैंपरिंग घटना को लेकर सवाल पूछे जाएंगे। वॉर्नर ने कहा कि उन्हें अपने करियर पर कोई पछतावा नहीं है और वह बॉल टैंपरिंग से आगे बढ़ चुके हैं। वॉर्नर ने कहा कि बॉल टैंपरिंग मामले में एक साल के बैन के बाद जब वह ऑस्ट्रेलिया टीम में वापस लौट तो उन्होंने जुनून और प्रतिबद्धता के साथ अपना सब कुछ टीम को देने की कोशिश की है। साथ ही वॉर्नर ने मुश्किल समय में अपनी पत्नी और आसपास के लोगों के समर्थन को लेकर भी बात की। उन्होंने कहा कि एक साल के बैन ने उन्हें अपने खेल और जीवन के बारे में सोचने का समय दिया। दरअसल मार्च 2018 में केप टाउन के न्यूलैंड्स में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीसरे टेस्ट मैच के दौरान कैमरून बैनक्रॉफ्ट को टेलीविजन कैमरों में गेंद को सैंडपेपर के साथ रगड़ते हुए कैद किया गया था। गेंद से छेड़छाड़ के मामले में खिलाड़ी पर जांच की गई तो पता चला कि यह डेविड वॉर्नर की योजना थी। ऐसे में क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने वॉर्नर पर कड़ी कार्रवाई करते हुए उन पर एक साल का बैन लगाया। इसके अलावा स्मिथ और बैनक्रॉफ्ट पर भी कड़ी कार्रवाई की गई थी।

## मैक्सवेल ने अपने बेटे के साथ मनाया नए साल का जश्न

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। स्टार ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल ने एडिलेड स्ट्राइकर्स (एडीएस) और मेलबर्न स्टार्स (एमएलएस) के बीच बिग बैश लीग (बीबीएल) 2023 मैच के बाद अपने 3 महीने के बेटे लोगान मेवरिक मैक्सवेल के साथ नए साल का जश्न मनाते देखे गए। मैक्सवेल और उनकी पत्नी विनी रमन 11 सितंबर को मां बनीं थी। बीबीएल ने अपने एक्स हैंडल पर एक वीडियो साझा करके एडिलेड ओवल से नए साल के जश्न की झलक दी। इसमें ग्लेन मैक्सवेल को अपने बेटे को गोद में लेकर मैदान में प्रवेश करते और फिर परिवार के साथ नए साल का जश्न मनाते हुए देखा गया। स्टेडियम में आतिशबाजी भी की गई। बता करें मैच की तो एडिलेड स्ट्राइकर्स को पहले बल्लेबाजी करने के लिए आमंत्रित की गई। एडिलेड स्ट्राइकर्स के सलामी बल्लेबाज क्रिस लिन (83) और मैथ्यू शॉर्ट (56) की धमाकेदार पारियों के दम पर 20 ओवरों में 205/4 का विशाल स्कोर बनाया। मैक्सवेल ने 2 विकेट झटके और वह अपनी टीम के लिए सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज रहे। लक्ष्य का पीछा करते हुए मेलबर्न स्टार्स के सलामी बल्लेबाज डैनियल लॉरेंस ने 26 गेंद में अर्धशतक ठोका। मेलबर्न स्टार्स ने 7 विकेट से मैच जीत लिया।

पेज थ्री देहरादून
देहरादून, मंगलवार, 2 जनवरी 2024 पेज 8
हमारा दून

अधिकारियों और कर्मचारियों को नव वर्ष की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए सीएस।



## संक्षिप्त समाचार

### मुख्य सचिव ने दी सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को नव वर्ष की शुभकानाएं

**संवाददाता** देहरादून। मुख्य सचिव डॉ.एस.एस. संधु ने सोमवार को सचिवालय परिसर में नववर्ष के पावन अवसर पर सचिवालय परिवार के सभी अधिकारियों कर्मचारियों को नव वर्ष की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मुख्य सचिव ने इस अवसर पर सभी प्रदेशवासियों के लिए सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी सहित सचिव, अपर सचिव, सचिवालय के अधिकारी, कर्मचारी सहित सचिवालय संघ के पदाधिकारी भी उपस्थित थे।

### कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने किए टपकेश्वर मंदिर के दर्शन

**संवाददाता** देहरादून। नए साल के पहले दिन की शुरुआत काबीना मंत्री रेखा आर्या ने अपने तीनो बच्चों संग टपकेश्वर मंदिर में महादेव के रुद्राभिषेक और आशीर्वाद के साथ की। उन्होंने भोलेनाथ से समस्त देश एवं प्रदेशवासियों की सुख समृद्धि की कामना की। मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि, यह साल हमारे लिए ऐतिहासिक है। जिस सपने का इंतजार हर सनातनी को वर्षो से था, वह सपना अब साकार होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होगी। इस दिन के लिए हम सबने कई सौ वर्षों का लंबा इंतजार किया। राम मंदिर उद्घाटन के बाद अयोध्या धाम को पर्यटन के क्षेत्र में एक नई गति प्राप्त होगी। उन्होंने सभी से भगवान श्रीराम के आदर्शों पर चलने का आह्वान किया।

### प्रेमनगर सनातन धर्म मंदिर में उमड़े श्रद्धालु

**संवाददाता** देहरादून। श्री सनातन धर्म मंदिर प्रेम नगर में नव वर्ष शुभारंभ पर पुजारी कृष्ण प्रसाद ने हवन यज्ञ कर गणपति भगवान शिव पार्वती की पूजा अर्चना की। राम नाम के पाठ के साथ प्रदेश की खुशहाली की कामना की गई। नव वर्ष शुभारंभ पर मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। भक्तों ने सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ कर सुख शांति सुख समृद्धि की प्रार्थना की। अंत में आरती हुई। इस मौके पर प्रधान सुभाष माकिन, मनोज बहल, रवि भाटिया, टोनी भाटिया, राजीव पुंज, विनोद कुमार, राहुल तलवार, कुलदीप नरूला, संगीता भाटिया मौजूद रहे।

### 55 पव्वे शराब के साथ एक गिरफ्तार

**संवाददाता** देहरादून। 55 पव्वे देशी शराब के साथ जीआरपी थाना पुलिस रेलवे स्टेशन परिसर से एक आरोपी गिरफ्तार किया है। इंस्पेक्टर जीआरपी थाना टीएस राणा ने बताया कि सोमवार सुबह रेलवे स्टेशन पर चेकिंग अभियान के दौरान पार्सल ऑफिस के पास एक युवक की तलाशी ली गई। इस दौरान उससे यह अवैध शराब मिली।

# हमारी बालिकाओं में प्रतिभा की कमी नहीं है: सीएम

**लोकार्पण**

■ नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय छात्रावास कौलागढ़ के भवन का मुख्यमंत्री ने किया लोकार्पण



**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को नव वर्ष के अवसर पर नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय छात्रावास कौलागढ़ के भवन का लोकार्पण किया। इस भवन का शिलान्यास पिछले वर्ष मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने ही किया था। 04 करोड़ 09 लाख 40 हजार रूपये की लागत से बना यह भवन एक साल से कम समय में बनकर तैयार हुआ। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर इस छात्रावास के बच्चों को गणवेश पहनाये और कंबल भी प्रदान किये। मुख्यमंत्री ने आवासीय छात्रावास का अवलोकन भी किया और बच्चों को छात्रावास में दी जा रही सुविधाओं का जायजा भी लिया।

मुख्यमंत्री ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को पहले ही निर्देश दिये गये थे कि छात्रावासों में बच्चों को बेहतर गुणवत्ता के संसाधन उपलब्ध कराये जाएं। छात्रावास की बेहतर व्यवस्थाओं पर उन्होंने संतोष प्रकट किया। इस छात्रावास में 100 बच्चों के लिए आवासीय व्यवस्थाएं की गई है। सीएम ने इस अवसर पर घोषणा की कि कमजोर, अपवंचित एवं साधन विहीन वर्ग की बेटियों की शिक्षा के लिए बनाये गये कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में खोले गये छात्रावासों एवं नेताजी सुभाषचन्द्र बोस छात्रावास के निकटवर्ती 11 विद्यालयों का इंटर स्तर पर उच्चीकरण भी किया जायेगा। इस अवसर पर उन्होंने बोर्ड परीक्षाओं में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली बालिकाओं को सम्मानित भी किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नये वर्ष की शुरूआत में बच्चों के बीच आकर उन्हें सुखद अनुभव हुआ है। पिछले वर्ष 02 जनवरी 2023 को इसी विद्यालय के परिसर से मुख्यमंत्री द्वारा राजकीय बालिका इण्टर कालेज कौलागढ़ के मुख्य भवन एवं नेताजी सुभाष चन्द्र बोस छात्रावास झड़ीपानी का लोकार्पण और नेताजी सुभाष चन्द्र बोस छात्रावास कौलागढ़ का भी शिलान्यास किया गया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस छात्रावास भवन का नाम नेताजी सुभाष चंद्र बोस के नाम पर है। उनके जीवन से हमें ऊर्जा, परिश्रम और संकल्प से ही महान कार्य करने की सीख मिलती है। राज्य में कमजोर, पिछड़े, अनाथ एवं संसाधन विहीन बच्चों की शिक्षा व्यवस्था के लिए इस प्रकार के 13 छात्रावास संचालित हैं, जिनमें 1000 बच्चों के लिए निःशुल्क व्यवस्थाएँ की गयी है। बालिकाओं के लिए 40 कस्तूरबा गाँधी आवासीय बालिका छात्रावास अलग से संचालित किये जा रहे हैं, जिसमें सभी सुविधाएँ निःशुल्क दी जा रही हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कस्तूरबा गाँधी आवासीय बालिका छात्रावासों में रह रही बालिकाओं द्वारा बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया जा रहा है। उन्होंने इसके लिये बालिकाओं के शिक्षकों, छात्रावास की वार्डन एवं इस कार्य से जुड़े सभी अधिकारियों के प्रयासों की सराहना की है। साधन विहीन एवं कमजोर पृष्ठभूमि की इन बालिकाओं के द्वारा श्रेष्ठ प्रदर्शन करना इस बात का द्योतक है कि हमारी बालिकाओं में प्रतिभा की कमी नहीं है, आवश्यकता है तो केवल इन्हें समुचित अवसर तथा सही मार्गदर्शन देने की। उन्होंने कहा कि शिक्षा हमें उच्च विचार, उच्च आचार, उच्च संस्कार और उच्च व्यवहार के साथ ही समाज की समस्याओं का उचित समाधान भी उपलब्ध कराती है। शिक्षा से ही कोई समाज समृद्धशाली और शक्तिशाली बन सकता है।

### स्कूली शिक्षा और उच्च शिक्षा को नए आयाम प्राप्त होंगे

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश का मुख्य सेवक होने के नाते उनकी कोशिश है कि राज्य के हर बच्चे को शिक्षा के बेहतर अवसर उपलब्ध करा सकें। उन्होंने छात्र-छात्राओं से कहा कि उन्हें जो मन से अच्छा लगे वो कैरियर चुनें, क्योंकि बिना रुचि के आप कोई सफल काम नहीं कर सकते। अपनी रुचि के अनुसार हम आगे बढ़ते हैं तो जीवन में सफलता अवश्य मिलेगी। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति से जहां एक ओर स्कूली शिक्षा और उच्च शिक्षा को नए आयाम प्राप्त होंगे।

# सभी के प्रयासों से प्रदेश विकास के पथ पर तेजी से आगे बढ़ेगा

**शुभकामनाएं**

■सीएम ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारियों तथा पुलिस महानिदेशक से की भेंट





**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से नववर्ष के अवसर पर मुख्यमंत्री आवास में मुख्य सचिव डॉ. एस.एस संधु के नेतृत्व में भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारियों तथा पुलिस महानिदेशक अभिनव कुमार के साथ भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारियों ने भेंट की। सभी ने मुख्यमंत्री को नववर्ष की शुभकामनाएं दी।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भी सभी अधिकारियों को नववर्ष की बधाई देते हुए कामना की कि नववर्ष में सभी के प्रयासों के साथ प्रदेश विकास के पथ पर तेजी से आगे बढ़ेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के विकास में हम सब सहयोगी है। आम जनता के हित में संचालित योजनाओं का क्रियान्वयन बेहतर ढंग से हो इसके लिये हमें जनता से समन्वय तथा योजनाओं को समयबद्धता के साथ धरातल पर उतारने के प्रयासों पर भी ध्यान देना होगा। जनता को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना हमारा दायित्व ही नही कर्तव्य भी है।

इस अवसर पर मुख्य सचिव डॉ. एस.एस. संधु, अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी, आनंद बर्द्धन, डी.जी.पी. अभिनव कुमार सहित वरिष्ठ आई.ए.एस. एवं आई.पी.एस. अधिकारी उपस्थित रहे।

### गणेश जोशी ने किया 70 लाख से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण

**संवाददाता** देहरादून। कृषि मंत्री गणेश जोशी ने सोमवार को नववर्ष के प्रथम दिन मसूरी विधानसभा क्षेत्र के धोरण वार्ड में 70 लाख से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। राजेश्वरनगर फेज वन कम्यूनिटी सेंटर में हुए कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए काबीना मंत्री ने क्षेत्रवासियों को नववर्ष की बधाई देते हुए कहा कि सम्पूर्ण विधानसभा क्षेत्र में उन्होंने विकास को प्राथमिकता दी है। उनका प्रयास रहता है कि समस्याओं का तत्काल समाधान हो। इस अवसर पर भाजपा महानगर महामंत्री सुरेन्द्र राणा, मण्डल अध्यक्ष प्रदीप रावत, निरंजन डोभाल, चुन्नी लाल, भूपेन्द्र सौलंकी, राजेश्वर नगर आरडब्लूए अध्यक्ष आरपी शर्मा, सचिव वीसी तिवारी, संदीप लखेड़ा, एसपी जुयाल, एनके शाह, संजय मुखर्जी, तरणजीत चढ़ढा, सरोजनी डोभाल, कांति जोशी आदि उपस्थित रहे।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ-राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादक: प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालय:
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।